

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 334 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 24 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

# DUSU चुनाव में ABVP ने लहराया परचम,

## 4 में से 3 पदों पर जीत, NSUI को मिली वीपी पोस्ट

नई दिल्ली. दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ के शुक्रवार को हुए चुनाव में ABVP ने 4 में से 3 पदों पर बाजी मारी. कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के अभि दहिया ने उपाध्यक्ष के पद पर जीत दर्ज की है. मतगणना के दौरान भी यूनिवर्सिटी के कॉलेजों में पुलिसकर्मी और पैरामिलिट्री के जवान तैनात थे. डूसू के साथ-साथ कॉलेजों की यूनियन के चुनाव भी शुक्रवार को हुए और कई कॉलेजों में नतीजे भी आ गए. ABVP के मेनिफेस्टो में देशभक्ति, राष्ट्रवाद, मेट्रो में सस्ते पास, हॉस्टल होने जैसे मुद्दे थे.



NSUI ने सभी को बराबर मौके मिलने, कैंपस में भ्रष्टाचार, हॉस्टल पर 14 फीसदी जीएसटी, डूसू बजट पेश न करने पर वोट मांगा है.

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के केंद्रीय पैनल के चुनाव के दौरान 42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था. यह चुनाव एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में चिह्नित हुआ है. क्योंकि छात्रों ने लगभग 4 साल के अंतराल के बाद केंद्रीय पैनल के लिए अपना वोट डाला है. कोरोना की वजह से पिछले तीन सालों में इलेक्शन नहीं हुआ. लंबे अंतराल के बाद हो रहे चुनावों में स्टूडेंट्स जोश में हैं. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पदों के लिए इलेक्शन हो रहा है. इस साल 24 कैंडिडेट मैदान में हैं.

### जानें कौन उम्मीदवार था मैदान में

ABVP ने अध्यक्ष पद के लिए तुषार डेढ़ा, उपाध्यक्ष पद पर सुशांत धनकड़, सचिव पद पर अपराजिता तथा संयुक्त सचिव पद पर सचिन बैंसला को मैदान में उतारा था. वहीं, एनएसयूआई के हितेश गुलिया अध्यक्ष, अभि दहिया उपाध्यक्ष पद, यक्षना शर्मा सचिव पद और शुभम कुमार चौधरी संयुक्त सचिव पद के लिए मैदान में था.

# एक शिव शक्ति का स्थान चंद्रमा पर दूसरा मेरी काशी पर : मोदी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की रखी आधारशिला



समाज जागरण

वाराणसी, 23 सितंबर। एक शिव शक्ति का स्थान चंद्रमा पर है तो दूसरा स्थान मेरी काशी में है। शिव शक्ति के इस स्थान से शिव शक्ति के उस स्थान पर भारत के विजय की मैं सभी को बधाई देता हूं। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां गंजारी स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के दौरान कही। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरूआत भोजपुरी में करते हुए कहा कि "आज फिर से बनारस आवे क मौका मिलल ह, जौन आनंद बनारस में मिलेला ओकर व्याख्या असंभव ह।"

### पूर्वांचल के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा ये स्टेडियम

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वह ऐसे दिन काशी आए हैं, जब चंद्रमा के शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचने का भारत का एक माह पूरा हो रहा है। शिव शक्ति यानी वो स्थान जहां हमारा चंद्रयान आज ही के दिन लैंड हुआ था। गंजारी का यह स्थान माता विंध्यवासिनी के धाम और काशी नगरी को जोड़ने के बीच एक पड़ाव है। यहां से कुछ दूर पर भारतीय लोकतंत्र के प्रखर पुरुष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजनारायण जी का गांव मोतीकोट है। उन्होंने कहा कि वो इस धरती से राजनारायण जी और उनकी जन्मभूमि को सिर झुकाकर प्रणाम करते हैं। आज काशी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गयी है। ये ना सिर्फ वाराणसी बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगा। महादेव की नगरी में ये स्टेडियम और उसकी डिजाइन स्वयं महादेव को ही समर्पित है। इसमें क्रिकेट के एक से बढ़कर एक मैच होंगे। यहां खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मैचों की ट्रेनिग का लाभ मिलेगा। आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या भी बढ़ने जा रही है। जब क्रिकेट मैच बढ़ेंगे तो नये नये स्टेडियम की जरूरत बढ़ेगी। बनारस का ये स्टेडियम इस डिमांड को पूरा करेगा। पूरे पूर्वांचल का ये चमकता हुआ सितारा बनेगा।

**शेष भाग पृष्ठ संख्या 3 पर**

## विशेष ब्रेकिंग न्यूज

अदिति गौड़, कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण

आम आदमी पार्टी में चंडीगढ के कदवार भारतीय जनता पार्टी नेता की होगी जल्द जॉयनिंग ।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता से हुई मिटिंग जिनमें चंडीगढ भाजपा के अध्यक्ष से रुठे कई नेता हुए शामिल।

चंडीगढ भाजपा को आने वाले कार्पोरेशन के मेयर चुनावों में मिलेगा बहुत बड़ा झटका।

# भारत के खिलाफ जहरीले बोल उगलने वाले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत पन्नू की बढ़ी बेचैनी

## पंजाब और चण्डीगढ़ में करोड़ों की सम्पत्ति सरकार ने की जब्त

विनोद कश्यप
प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः भारत के खिलाफ लगातार जहरीले बोल बोलने वाला खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू आज बड़ा बेचैन होगा। दरअसल, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पन्नू पर बड़ा एक्शन लिया है। एनआईए ने गुरपतवंत पन्नू की चंडीगढ़ और अमृतसर स्थित संपत्ति जब्त कर ली है। चंडीगढ़ में सेक्टर 15- सी स्थित पन्नू की कोठी नंबर 2033 जब्त की गई है, जबकि अमृतसर में उसके पैतृक गांव खानकोट में 46 कनाल कृषि संपत्ति (एग्रीकल्चर लैंड) जब्त की गई है।




### चंडीगढ़ में पन्नू की कोठी जब्त करते एनआईए के अधिकारी

### 46 कनाल की प्रॉपर्टी जब्त

एन आई ए की तरफ से अमृतसर के गांव खानकोट में पन्नू की 46 कनाल की प्रॉपर्टी जब्त की गई है। खानकोट पन्नू का पैतृक गांव है। यह एग्रीकल्चर लैंड है। वहीं चंडीगढ़ के सेक्टर 15-सी में पन्नू का घर है। पहले 2020 में इन्हें अटैच किया गया था। अब एन. आई. ए. ने इन्हें जब्त कर लिया। कानूनी तौर पर अब पन्नू इन प्रॉपर्टी का मालिक नहीं रहा। यह प्रॉपर्टी अब सरकार की हो गई हैं।

## शर्मनाकः मदरसा में पढ़ने गई मासूम से दरिंदगी, 9 साल की बच्ची का हाफिज ने किया रेप

मुजफ्फरनगर. उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद में शनिवार को एक मासूम के साथ दरिंदगी की गई. मदरसा में पढ़ने गई इस बच्ची से मदरसा के ही हाफीज ने रेप किया. 9 साल की छात्रा के साथ उस समय



बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया जब पीड़ित छात्रा पढ़ने के लिए मदरसे में पहुंची थी. घटना के बाद गंभीर तरह से जख्मी मासूम किसी तरह अपने घर पहुंची और आपबीती अपने परिजनों को बताई, इस पर पीड़ित परिजनों ने थाने में पहुंचकर आरोपी हाफिज के विरुद्ध लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की.

# दानिश अली की आखिर किस बात पर भड़के थे रमेश बिधूड़ी ?

## निशिकांत दुबे के स्पीकर को लिखे पत्र में बड़ा दावा

दिल्ली. संसद के विशेष सत्र के आखिरी दिन लोकसभा में बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा बीएसपी सांसद दानिश अली के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने के बाद सियासी भूचाल मचा है. विपक्ष बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी पर कार्रवाई की मांग कर रहा है. इसी बीच बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस मामले में जांच की मांग की है. भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा है कि बसपा सांसद दानिश अली ने पीएम मोदी के खिलाफ एक बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की है. उन्होंने इसकी जांच कराने की मांग की.



बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने पत्र में कहा, ह्यबसपा सांसद दानिश अली ने पीएम मोदी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की. बिना माइक्रोफोन के उन्हें यह कहते हुए स्पष्ट रूप से सुना जा सकता है कि ह्यनीच को नीच नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे', दानिश अली द्वारा दिया गया यह बयान किसी भी देशभक्त जन प्रतिनिधि के लिए अपना धैर्य खोने के लिए यह काफी है. और इसके चलते रमेश भिधूड़ी ने उन्हें वैसा ही जवाब दिया जैसा उन्होंने दिया था.'

निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर को लिखे पत्र में कहा कि रमेश बिधूड़ी के भाषण के दौरान लगातार दानिश अली रनिंग कमेंट्री कर रहे थे और उन्हें उकसा रहे थे. उन्होंने कहा कि रमेश बिधूड़ी ही नहीं बल्कि अन्य दलों के सदस्यों ने भी अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की है. इन सभी नेताओं के बयानों की जांच कराए जाने के लिए एक समिति बनाई जानी चाहिए.

# नारी शक्ति को आत्मविश्वास देगा नया आरक्षण कानून।

दैनिक समाज जागरण

डॉक्टर शोभा रानी होमियोपैथ चिकित्सक में प्रधानमंत्री के नारी शक्ति वंदन विधयक को भारत के



भाग बदलने वाला करार दिया है। यह विधयक दोनों सदनों में ऐतिहासिक समर्थन के साथ पास हो गया है। यह कोई सामान्य कानून नहीं है बल्कि नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। महिलाओं के आरक्षण के लाय विधयक के दौरान लीपा पोती की जाती थी, इसके लिए कभी भी निष्ठा पूर्वक प्रयास नहीं किए गए। इस बार भी कुछ ऐसे लोगों की मजबूरी में समर्थन दिया जिस कारण महिला विधयक पारित करना संभव हुआ। यह स्लोगन आज की नारी सब पर भारी है साबित कर दिया। इससे माता बहनों बेटियों के सामने आने वाली अड़चनें दूर होगी और महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने का मौका मिलेगा। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि परिवार से लेकर पंचायत तक और अर्थव्यवस्था के साथ शिक्षा व उद्यमिता बहन बेटियां हर क्षेत्र में अभूत पूर्व कर रही है नया कानून आने के बाद देश के लिए काम करने का जज्बा बढ़ेगा।

डॉ शोभा देवी औरंगाबाद (बिहार )

संसद के दोनों सदनों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के बाद महिलाओं को एक नए युग की शुरूआत करने का मौका मिला।



इस अधिनियम का पास होना इस बात की भी साक्षी है कि अगर पूर्ण बहुमत वाली स्थिति सरकार होती तो देश बड़े-बड़े फैसले लेते और बड़े पड़ाव को पार कर जाते।

डॉ सुमित्रा देवी औरंगाबाद (बिहार )

महिला आरक्षण विद्यक कोई सामान्य कानून नहीं है बल्कि नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता की घोषणा है। यह नया कानून देश की



सामाजिक व्यवस्था पुरुष स्त्री संबंधों पर गहरा छाप छोड़ने वाला है ।नारी शक्ति को आगे बढ़ाने की ताकत कई गुना बढ़ा देगा ।

जमाना चुपके-चुपके लेकिन कितना तेजी से बदल रहा है ,यही कारण है कि मिडिल क्लास पिता भी अब बच्चों यानी बेटे के जगह बेटियों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं परंतु एक चिंता यह भी सताती रहती है कि अगर बेटी ज्यादा पढ़ लेगी तो शादी के लिए लड़का मिलना मुश्किल होगा। **शांति देवी समाजसेवी**

महिला आरक्षण विधेयक जिसे नारी



शक्ति वंदन विधेयक के नाम से 128 वी संविधान संशोधन के द्वारा महिलाओं को संसद और विधानसभा में उनके आरक्षण हेतु दोनों सदनो में पारित किया गया है, यह स्वागत योग्य है। परंतु इसको लागू करने हेतु जो प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है उसमे और सुधार हो सकता था। क्योंकि अभी उसके पूरी तरह लागू होने में 2024 के आम चुनाव के बाद की सरकार कितनी ततपरता दिखाएगी इसपर निर्भर करता है। वैसे स्वागतयोग्य कदम। अभिनंदन कुमार अधिवक्ता व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद (बिहार)

दैनिक समाज जागरण सत्य प्रकाश नारायण, सहायक विधि संवाददाता /धनंजय कुमार, विधि संवाददाता बिहार - झारखंड प्रदेश

# एक देश, एक चुनाव पर पहली हाई लेवल मीटिंग खत्म

नई दिल्ली. देश में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च-स्तरीय समिति ने शनिवार को अपनी पहली बैठक की. बैठक में एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर सुझाव देने के लिए राजनीतिक दलों और विधि आयोग को आमंत्रित करने का निर्णय लिया.

बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन. के. सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष काश्यप और पूर्व सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी मौजूद थे. बयान में कहा गया है कि समिति ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों, राज्यों में सत्तारूढ़ दलों, संसद में अपना प्रतिनिधित्व रखने वाले दलों, अन्य मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय दलों को ह्यह्यदेश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर सुझाव/राय देने के लिएह्लह्लआमंत्रित करने का निर्णय लिया है.

### विधि आयोग को आमंत्रित कर मांगा जाएगा चुनाव

विधि मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा, समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर अपने सुझाव और राय के लिए विधि आयोग को भी आमंत्रित करेगी.



वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ऑनलाइन तरीके से बैठक में शामिल हुए. बयान में कहा गया है कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी बैठक में मौजूद नहीं थे. चौधरी ने हाल में गृह मंत्री शाह को लिखे एक पत्र में समिति का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था

### आम राय बनाने किया था समिति का गठन

सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर सिफारिश करने के वास्ते दो सितंबर को आठ सदस्यीय "उच्च-स्तरीय समिति" गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की थी.

# बिहार की संस्कृति को प्रदर्शित करना हमारे लिए गर्व का विषयः निधि चौधरी

पियुष रंजन सिंह समाज जागरण
विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल

सांस्कृतिक शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली में बिहार के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी प्रतिभा से खूब वाहवाही बटोरी है।सीसीआरटी नई दिल्ली में भारतवर्ष के कई राज्यो से आये शिक्षकों के लिए शिक्षा में कठपुतली कला के महत्व पर प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमे बिहार,पश्चिम बंगाल,तमिलनाडु, कर्नाटक,गुजरात,मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र,केरल,छत्तीसगढ़ से कुल 72 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। किशनगंज जिले के पोठिया प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय में पदस्थापित शिक्षिका सह कवयित्री निधि चौधरी ने बताया कि इस मंच पर हर राज्य के प्रतिनिधियों को अपने राज्य की संस्कृति की झलक दिखाने का अवसर दिया जाता है। इसी कड़ी के तहत शनिवार को बिहार के शिक्षकों ने बिहार के प्रशिद्ध व्यंजन, परिधान, कला, साहित्य, लोक नृत्य इत्यादि का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निधि चौधरी, इन्हेसार रही, रुमित, अरविंद, पवन, कामदेव, विनोद, रविकांत, प्रियंका आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी।



आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

# प्रकृति हमारी पोषक, इसकी सीमाओं का अतिक्रमण न करें।

## जल प्रलय और भूकंप के झटके मानवीय अति का परिणाम'

**दैनिक समाज जागरण**

हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है ।देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली ,गुजरात ,महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है। इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानी की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की है' शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फल स्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है ।देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 जीवन काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे।

ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला है' जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 140 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, संयोजक रायपुर छत्तीसगढ़**

# बैठकी सनातन झेल रहा है--"धर्मयुद्ध"(भाग-2)

**दैनिक समाज जागरण**


देखे न सरजी! बर्षों से सनातन के विरुद्ध छिड़ा जंग आज भी पूर्ववत जारी है!--मास्टर साहब बैठते हीं मुद्दा रख दिया!

उ किसे मास्टर साहब!!--मुखियाजी सोफे पर, एक ओर जगह लेते हुए!

देख और सुन नहीं रहे!!आज कोई भी जब चाहे तब,सनातन धर्म को गाली बक देता है! आजादी के बाद देश का बंटवारा का मुख्य आधार तो धार्मिक हीं न था!! फिर इस्लामिक स्टेट के रुप में पाकिस्तान तो बन गया लेकिन हिंदू राष्ट्र भारत क्यों नहीं बना!!--मास्टर साहब मुंह बनाये!

अजी भारत "हिंदू राष्ट्र" बन जाता तो "गजब ए हिंद" करने की, या यूं कहें कि हजार सालों से सनातन के विरुद्ध जारी जंग थम जाती और जिस तरह 57 देश, इस्लामिक स्टेटस बने वो प्रक्रिया भारत में जारी नहीं रह पाती! हां, पहले जबर्दस्ती या लालच को टूल्स के रुप में प्रयोग किया जाता था लेकिन आजादी के बाद गांधी और नेहरु के नेतृत्व में,पुनः बाद के कांग्रेस नेतृत्व द्वारा,संविधान और कानून को टूल्स के रुप में इस्तेमाल किया जाता रहा है!--कुंवरजी अखबार उठाते हुए!





मेरे ख्याल से,सनातन को समाप्त करने के लिए जिन दो टूल्स का प्रयोग सैकड़ो बर्षों से किया जाता रहा है वो जातिगत जहर और विधर्मियों का जनसंख्या विस्फोट रहा है जो सतत रुप से आज भी जारी है!--उमाकाका अपनी कहे !

ठीक कहा आपने, देख नहीं रहे!!जहां एक ओर विपक्षी पार्टियों का तुष्टीकरण एक टूल रहा है वहीं दोनों सदनों में,नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हुए बहस में, विपक्षी दलों द्वारा इस विधेयक में, पिछड़ी जातियों और मुस्लिम आरक्षण को भी शामिल किए जाने पर सर्वाधिक जोर रहा है ! पिछड़ी जातियों के आरक्षण का मुद्दा उठाने के पिछे,हिंदूओं की एक बड़ी जमात को,वोट की राजनीति के तहत अपनी तरफ करने का हीं मकसद है अर्थात जातिगत जहर फैलाना!--डा. पिंटू भी बहस में !

लिजिये,कल राहुल गांधी प्रेस कांफ्रेंस करके कह रहे थे कि केंद्र में पिछड़े वर्ग के,सेक्रेटरी लेवल के आफिसर,मात्र 3 प्रतिशत हैं ! भाजपा,पिछड़ों के साथ अन्याय कर रही है लेकिन कोई उनसे ये पुछे कि यूपीए के शासनकाल में सब मिलाकर सिर्फ 4 प्रतिशत हिंदू ओर 96 प्रतिशत मुस्लिम और ईसाई क्यों थे!! कांग्रेस की नीति हीं हिंदुओं में फूट डालने की रही है!--पारसनाथ हाथ चमकाने !

राहुल तो हिंदू मंदिरों में स्थापित मूर्तियों को भी शक्तिहीन बोल रहा था ! सनातनी संस्कृति पर कुछ भी कहा जा सकता है! खुली छूट है!--पारसनेता दुखी लगे !

ए भाई, कांग्रेसी विचारधारा,हिंदूअन के खिलाफ रहे,एकर कुछ प्रमाण बा!!--मुखियाजी हथेली पर खैनी मलते हुए!

मुखियाजी,सनातन के विरुद्ध धर्मयुद्ध तो मुगल और अंग्रेजों के गुलामी काल में, होता हीं रहा है लेकिन आजादी के बाद आज भी, प्रक्रिया सतत जारी है !आजादी के बाद कौन कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनेगा!! उसके लिये कांग्रेस कमिटी में वोटिंग हुई थी जिसमें सरदार पटेल का चुनाव हुआ लेकिन गांधी ने जबरन,नेहरु को प्रधानमंत्री बनवाया और धार्मिक आधार पर विभाजन के बावजूद मुस्लिमों को पाकिस्तान जाने से रोका ताकि खंडित भारत का इस्लामीकरण करने में सुविधा हो!--डा.पिंटूचुप हुए!

मुखियाजी,कांग्रेस ने भारत के इस्लामीकरण हेतु,गोली बंदूक नहीं बल्कि संविधान को हथियार बनाया ! संविधान के अनुच्छेद 25 द्वारा धर्मांतरण को वैध बनाया ताकि हिंदूओं का धर्मांतरण आसान हो! अनुच्छेद 28 के माध्यम से हिंदूओं से धार्मिक शिक्षा देने का अधिकार छीन लिया गया लेकिन अनुच्छेद 30 के माध्यम से मुस्लिमों और ईसाईयों को धार्मिक शिक्षा देने की स्वतंत्रता प्रदान की गई !

कांग्रेस ने एचआरडी अधिनियम 1951 को लागू करके सभी हिंदू मंदिरों के चढ़ावे का सारा पैसा, हमेशा के लिये छीन लिया !हिंदूओं का पैसा सरकार के खजाने में लेकिन मस्जिदों और चर्च के पैसों को खुली छूट दी गई ताकि वे अपने प्राप्त,दान और चढ़ावे को धार्मिक कार्यों और प्रचार-प्रसार में लगातें रहें!

ये कांग्रेस का हिंदू धर्म के विरुद्ध जिहाद रहा!--कुंवरजी हाथ चमकाये !




ए मुखियाजी,कांग्रेस ने 1954 में विषेश विवाह अधिनियम लागू किया ताकि मुस्लिम लड़के आसानी से हिंदू लड़कियों से विवाह कर सके !आज हिंदु बेटियों के विरुद्ध, जो लव जिहाद चल रहा है इसी का नतीजा है!

खैर,कांग्रेस ने1956 में हिंदू कोर्ट बिल पास किया जिसे सरदार पटेल के जीते जी, पास कराने की हिम्मत, नेहरु के पास नहीं थी! इस बिल ने तलाक कानून और दहेज कानून लाया जिसने संयुक्त परिवार की रीढ़ तोड़ दी !इस बिल ने,हिंदुओं की जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने के उद्देश्य से,एक व्यक्ति को एक समय में एक से अधिक विवाह को दण्डनीय बना दिया गया जबकि वहीं पर, कांग्रेस ने "मुस्लिम पर्सनल लॉं" को नहीं छुआ ताकि ये अपनी जनसंख्या तेजी से बढ़ा सके और भारत का भविष्य मे इस्लामीकरण हो जाय !

1975 में कांग्रेस की इंदिरा गांधी ने इमर्जेंसी लगाया और जबरन संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द जोड़ा ताकि भारत से हिंदुत्व को समाप्त किया जा सके! यहीं तक नहीं,इमर्जेंसी में लाखों हिंदुओं की नसबंदी की गई जबकि सिर्फ कागजों में मुस्लिमों को दिखाया गया !--पारसनेता मुंह बनाये!

नेताजी,1991में कांग्रेस "अल्पसंख्यक आयोग कानून" लायी जबकि धर्मनिरपेक्ष देश में ये नहीं होता !इसके तहत सरकार द्वारा इन्हें, विषेश सुविधायें और अधिकार दिये गये !वित्तपोषित मदरसे,ईसाइयों के कान्वेंट स्कूल्स लेकिन वित्तपोषित गुरुकुल नहीं!!--उमाकाका मायूस दिखे!

लिजिये,"पिसेज ऑफ वर्शिप" एक्ट-1991को क्यों भूल रहे हैं!! जिसके अनुसार,हिंदू अपने छीनें गये मन्दिरों पर दावा नहीं कर सकते और जो मंदिर तोड़कर मस्जिद बनें हैं उन्हें वापस नहीं ले सकते !जिसका उल्लेख,काशी में ज्ञानवापी के संदर्भ में मुल्ला करते रहते हैं!!--मास्टर साहब अपनी कहे!

सनातनियों के विरुद्ध और पुनः मुगल राज स्थापित करने के उद्देश्य से कांग्रेस ने 1995 में "वक़्त बोर्ड एक्ट" पास किया! जिसके आधार पर बोर्ड,देश में किसी भी जमीन को अपना घोषित कर सकता है !इसके बाद अपील भी बोर्ड को हीं आप करेंगे और निर्णय भी उन्हीं का होगा अर्थात संविधान से भी उपर!

इस कानून का नतीजा ये रहा कि सेना के बाद सबसे अधिक जमीन,लगभग आठ लाख एकड़ से भी अधिक जमीन का मालिकाना हक वक्फ बोर्ड के पास है!--डा. पिंटू गंभीर थे!

अजी, हमारे देश में सरकारी पैसों पर, कुरान पढ़ाने की कई यूनिवर्सिटीज हैं लेकिन गीता,रामायण के लिए एक भी यूनिवर्सिटी नहीं! वाह रे,सेक्युलरिज्म!!--कहकर कुंवरजी मुंह बनाये!

ए सरजी, उ समय देश में अस्सी प्रतिशत हिंदू रहन,संसद में भी पंचान्वे प्रतिशत हिंदू सांसद रहले तबो अइसन अनेत! !हिन्दूअन संगे होखल! !मये हिंदू सांसद, गूंगा,बहिर रहलेहा का!! अच्छा आज अतने,फेरु कल!--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# प्रताप नारायण मिश्र

प्रताप नारायण मिश्र (जन्म- 24 सितम्बर, 1856, उन्नाव, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 6 जुलाई, 1894) को आधुनिक हिन्दी निमार्ताओं में से एक माना जाता है। वे हिन्दी खड़ी बोली और भारतेन्दु युग के उन्नायक कहे जाते हैं। प्रताप नारायण मिश्र ने एक लेखक, कवि और पत्रकार के रूप में विशेष प्रसिद्धि पाई थी। मिश्र जी की भारतेन्दु हरिश्चन्द्र में अनन्य श्रद्धा थी। वह स्वयं को उनका शिष्य कहते थे तथा देवता के समान उनका स्मरण करते थे। भारतेन्दु जैसी रचना शैली, विषयवस्तु और भाषागत विशेषताओं के कारण ही प्रताप नारायण मिश्र को 'प्रतिभारतेन्दु' या 'द्वितीयचन्द्र' आदि कहा जाने लगा था। मिश्र जी द्वारा लिखे हुए निबंधों में विषय की पर्याप्त विविधता है। देश-प्रेम, समाज-सुधार एवं साधारण मनोरंजन आदि उनके निबंधों के मुख्य विषय थे। उन्होंने 'ब्राह्मण' नामक मासिक पत्र में हर प्रकार के विषयों पर निबंध लिखे थे।

### जन्म तथा शिक्षा

प्रताप नारायण मिश्र का जन्म 24 सितम्बर, 1856 ई. में उत्तर प्रदेश के उन्नाव ज़िले में वैजे गाँव में हुआ था। ये कात्यायन गोत्रीय और कान्यकुब्ज ब्राह्मण पण्डित संकटादीन के पुत्र थे। पिता युवावस्था में ही कानपुर में आकर बस गए थे और एक ज्योतिषी के रूप में अपनी जीविका चलाते थे। मिश्र जी अक्षरारंभ के पश्चात अपने पिता से ही ज्योतिष पढ़ने लगे। किंतु उधर रुचि न होने से पिता ने उन्हें अंग्रेजी पाठशाला में भर्ती करा दिया। तब से कई स्कूलों का चक्कर लगाने पर भी वह पिता की लालसा के विपरीत पढ़ाई-लिखाई से विरत ही रहे और पिता की मृत्यु के पश्चात 18-19 वर्ष की अवस्था में उन्होंने स्कूली शिक्षा से अपना पिंड छुड़ा लिया। इस प्रकार मिश्र जी की शिक्षा अधूरी ही रह गई। किंतु उन्होंने प्रतिभा और स्वाध्याय के बल से अपनी योग्यता पर्याप्त बढ़ा ली। वे हिन्दी, उर्दू और बंगला तो अच्छी जानते ही थे, इसके साथ ही फारसी, अंग्रेजी और संस्कृत में भी उनकी अच्छी गति थी।

### हिन्दी के प्रति अनुराग

प्रताप नारायण मिश्र छात्रावस्था से ही "कविवचनसुधा" के गद्य-पद्य-मय लेखों का नियमित पाठ करते थे, जिससे हिन्दी के प्रति उनका अनुराग उत्पन्न हुआ। लावनौ गायकों की टोली में आशु रचना करने तथा ललित जी की रामलीला में अभिनय करते हुए उनसे काव्य रचना की शिक्षा ग्रहण करने से वह स्वयं मौलिक रचना का अभ्यास करने लगे। इसी बीच वह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के संपर्क में आए। उनका आशीर्वाद तथा प्रोत्साहन पाकर वे हिन्दी गद्य तथा पद्य रचना करने लगे। 1882 के आस-पास "प्रेमपुष्पावली" प्रकाशित हुआ और भारतेंदु जी ने उसकी प्रशंसा की तो प्रताप नारायण मिश्र का उत्साह बहुत बढ़ गया।

### मासिक पत्र का सम्पादन

15 मार्च, 1883 को ठीक होली के दिन अपने कई मित्रों के सहयोग से मिश्र जी ने 'ब्राह्मण' नामक मासिक पत्र निकाला। यह अपने रूप-रंग में ही नहीं, विषय और भाषा-शैली की दृष्टि से भी भारतेंदु युग का विलक्षण पत्र था। सजीवता, सादगी बाँकपन और फक्कड़पन के कारण भारतेंदु कालीन साहित्यकारों में जो स्थान प्रताप नारायण मिश्र जी का था, वही तत्कालीन हिन्दी पत्रकारिता में इस पत्र का था, किंतु यह कभी नियत समय पर नहीं निकलता था। दो-तीन बार तो इसके बंद होने तक की नौबत आ गई थी। इसका कारण मिश्र जी का व्याधिमंदिर शरीर ओर अथार्भाव था। किंतु रामदीन सिंह आदि की सहायता से यह किसी-न-किसी प्रकार संपादक के जीवन काल तक निकलता रहा। उनकी मृत्यु के बाद भी रामदीन सिंह के संपादकत्व में कई वर्षों तक निकला, परंतु पहले जैसा आकर्षण वे उसमें नहीं ला पाये थे।

### सहायक संपादक

आगे के समय में सन 1889 में प्रताप नारायण मिश्र 25 रुपया मासिक के वेतन पर "हिन्दीस्थान" के सहायक संपादक होकर कालाकाँकर आए। उन दिनों पण्डित मदनमोहन मालवीय उसके संपादक थे। यहाँ बालमुकुंद गुप्त ने मिश्र जी से हिन्दी सीखी। मदनमोहन मालवीय के हटने पर मिश्र जी अपनी स्वच्छंद प्रवृत्ति के कारण वहाँ न टिक सके। कालाकाँकर से लौटने के बाद वह प्रायः रुग्ण रहने लगे।

# मोहिन्दर अमरनाथ

भीकाजी रुस्तम कामा अथवा 'मैडम कामा' (जन्मः 24 सितंबर, 1861; मृत्यु- 13 अगस्त, 1936) का नाम क्रांतिकारी आन्दोलन में विशेष उल्लेखनीय है, जिन्होंने विदेश में रहकर भी भारतीय क्रांतिकारियों की भरपूर मदद की थी। उनके ओजस्वी लेख और भाषण क्रांतिकारीयों के लिए अत्यधिक प्रेरणा स्रोत बने। भीकाजी रुस्तम कामा भारतीय मूल की फ्राँसीसी नागरिक थीं, जिन्होंने लन्दन, जर्मनी तथा अमेरिका का भ्रमण कर भारत की स्वतंत्रता के पक्ष में माहौल बनाया। वे जर्मनी के स्टटगार्ट नगर में 22 अगस्त 1907 में हुई सातवीं अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस में तिरंगा फहराने के लिए सुविख्यात हैं। उस समय तिरंगा वैसा नहीं था जैसा वर्तमान में है। ये मैडम कामा के नाम से प्रसिद्ध हैं।

### जीवन परिचय

मैडम कामा का जन्म 24 सितंबर सन 1861 में एक पारसी परिवार में हुआ था। मैडम कामा के पिता प्रसिद्ध व्यापारी थे। मैडम कामा ने अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त की। अंग्रेजी भाषा पर उनका प्रभुत्व था। श्री रुस्तम के. आर. कामा के साथ उनका विवाह हुआ। वे दोनों अधिवक्ता होने के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता भी थे, किंतु दोनों के विचार भिन्न थे। रुस्तम कामा उनकी अपनी संस्कृति को महान मानते थे, परंतु मैडम कामा अपने राष्ट्र के विचारों से प्रभावित थीं। उन्हें विश्वास था कि ब्रिटिश लोग भारत का छल कर रहे हैं। इसीलिए वे भारत की स्वतंत्रता के लिए सदा चिंतित रहती थीं। मैडम कामा ने श्रेष्ठ समाज सेवक दादाभाई नौरोजी के यहां सेक्रेटरी के पद पर कार्य किया। उन्होंने यूरोप में युवकों को एकत्र कर स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन किया तथा ब्रिटिश शासन के बारे में जानकारी दी। मैडम कामा ने लंदन में पुस्तक प्रकाशन का कार्य आरंभ किया। उन्होंने विशेषतः देशभक्ति पर आधारित पुस्तकों का प्रकाशन किया। वीर सावरकर की ह्य1857 चा स्वातंत्र्य लढाह्न (1857 का स्वतंत्रता संग्राम) पुस्तक प्रकाशित करने के लिए उन्होंने सहायता की। मैडम कामा ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए क्रांतिकारियों को आर्थिक सहायता के साथ ही अन्य अनेक प्रकार से भी सहायता की। सन 1907 में जर्मनी के स्ट्टगार्ड नामक स्थानपर ह्यअंतरराष्ट्रीय साम्यवादी परिषदह्न संपन्न हुई थी। इस परिषद के लिए विविध देशों के हजारों प्रतिनिधी आए थे। उस परिषद में मैडम भीकाजी कामा ने साड़ी पहनकर भारतीय झंडा हाथ में लेकर लोगों को भारत के विषय में जानकारी दी।

### भारत का पहला झंडा फहराया

मैडम भीकाजी कामा ने भारत का पहला झंडा फहराया, उसमें हरा, केसरिया तथा लाल रंग के पट्टे थे। लाल रंग यह शक्ति का प्रतीक है, केसरिया विजय का तथा हरा रंग साहस एवं उत्साह का प्रतीक है। उसी प्रकार 8 कमल के फूल भारत के 8 राज्यों के प्रतीक थे। ह्यवन्दे मातरम्ह्न यह देवनागरी अक्षरों में झंडे के मध्य में लिखा था। यह झंडा वीर सावरकर ने अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिलकर बनाया था।

### सामाजिक कार्य

जहाँ एक ओर परतंत्रता का दंश झेल रहा था वहीं सामाजिक स्तर पर भी पिछड़नेपन से जूझ रहा था। एक ओर औरतों को देवी बना कर उन्हें पूजनीय माना जाता था, वहीं इसका दूसरा पहलू था कि लड़कियों अभिशाप मानी जाती थीं। एक ओर जहाँ महिलाओं के सामने अपने ही समाज से लड़ने की चुनौती थी, तो दूसरी ओर स्वतंत्रता की लड़ाई में महती भूमिका निभाने की प्रबल इच्छा। ऐसे में अगर कोई स्त्री पूरी तरह से देश की स्वतंत्रता को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना ले तो इसे अप्रतीम उदाहरण माना जाएगा। आजादी की लड़ाई में उन्हीं अग्रणियों में एक नाम आता है - मैडम भीकाजी कामा का। दृढ़ विचारों वाली भीकाजी ने अगस्त 1907 को जर्मनी में आयोजित सभा में भारत का झंडा फहराया था, जिसे वीर सावरकर और उनके कुछ साथियों ने मिलकर तैयार किया था, यह आज के तिरंगे से थोड़ा भिन्न था। भीकाजी ने स्वतंत्रता सेनानियों की आर्थिक मदद भी की और जब देश में प्लेग फैला तो अपनी जान की परवाह किए बगैर उनकी भरपूर सेवा की। स्वतंत्रता की लड़ाई में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वो बाद में लंदन चली गईं और उन्हें भारत आने की अनुमति नहीं मिली। लेकिन देश से दूर रहना उनके लिए संभव नहीं हो पाया और वो पुनः अपने वतन लौट आईं। सामाजिक कार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहने के कारण उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया, जिसके उपचार के लिए उन्हें 1902 ई. में इंग्लैण्ड जाना पडा। वहाँ वे 'भारतीय होम रूल समिति' की सदस्या बन गई। श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा उन्हें 'इण्डिया हाउस' के क्रांतिकारी दस्ते में शामिल कर लिया गया।

### 1906 में भारतीय ध्वज

1907 ई. में स्टुटगार्ड (जर्मनी) में 'अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद सम्मेलन' में मैडम कामा ने तिरंगा झण्डा फहराया और घोषणा की- यह भारतीय स्वतंत्रता का ध्वज है। इसका जन्म हो चुका है। हिन्दुस्तान के युवा वीर सपूतों के रक्त से यह पहले ही पवित्र हो चुका है। यहाँ उपस्थित सभी महानुभावों से मेरा निवेदन है कि सब खड़े होकर हिन्दुस्तान की आजादी के इस ध्वज की वंदना करें सभी ने खड़े होकर ध्वज वंदना की। मैडम कामा को 'क्रांति-प्रसूता' कहा जाने लगा। धनी परिवार में जन्म लेने के बावजूद इस साहसी महिला ने आदर्श और दृढ़ संकल्प के बल पर निरापद तथा सुखी जीवनवाले वातावरण को तिलांजलि दे दी और शक्ति के चरमोत्कर्ष पर पहुँचे साम्राज्य के विरुद्ध क्रांतिकारी कार्यों से उपजे खतरों तथा कठिनाइयों का सामना किया। श्रीमती कामा का बहुत बड़ा योगदान साम्राज्यवाद के विरुद्ध विश्व जनमत जाग्रत करना तथा विदेशी शासन से मुक्ति के लिए भारत की इच्छा को दावे के साथ प्रस्तुत करना था। भारत की स्वाधीनता के लिए लड़ते हुए उन्होंने लंबी अवधि तक निर्वासित जीवन बिताया था। वह अपने क्रांतिकारी विचार अपने समाचार-पत्र ह्यवंदेमातरम्ह्न तथा ह्यतलवारह्न में प्रकट करती थीं। श्रीमती कामा की लड़ाई दुनिया-भर के साम्रज्यवाद के विरुद्ध थी। वह भारत के स्वाधीनता आंदोलन के महत्त्व को खूब समझती थीं, जिसका लक्ष्य संपूर्ण पृथ्वी से साम्राज्यवाद के प्रभुत्व को समाप्त करना था। उनके सहयोगी उन्हें ह्यभारतीय क्रांति की माताह्न मानते थे; जबकि अंग्रेज उन्हें कुख्यात महिला, खतरनाक क्रांतिकारी, अराजकतावादी क्रांतिकारी, ब्रिटिश विरोधी तथा असंगत कहते थे। यूरोप के समाजवादी समुदाय में श्रीमती कामा का पर्याप्त प्रभाव था। यह उस समय स्पष्ट हुआ जब उन्होंने यूरोपीय पत्रकारों को अपने देश-भक्तों के बचाव के लिए आमंत्रित किया। वह ह्यभारतीय राष्ट्रीयता की महान पुजारिनह्न के नाम से विख्यात थीं। फ्रांसीसी अखबारों में उनका चित्र जोन ऑफ आर्क के साथ आया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी ने बढ़ाया उन्नाव का मान मिला विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान

समाज जागरण
संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

उन्नाव । इण्टरनेशनल बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ में विजयी विश्व भारती फाउण्डेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में उन्नाव जनपद में सेवारत पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को ' विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान ' से सम्मानित किया गया । वरिष्ठ समाज सेवक, संस्था के अध्यक्ष एवम आयोजक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान के लिए जनपद उन्नाव से पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया है । कार्यक्रम में पूरे देश से आए विभिन्न समाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, अभिनय, संगीत एवम पत्रकारिता आदि क्षेत्र से जुड़े 121 हस्तियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ( विधान परिषद सदस्य ) और अति विशिष्ट अतिथि साहित्यकार पद्मश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह ने सराहनीय सामाजिक कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान 2023 से सम्मानित किया। दोनो कर्मयोगियों ने अपनी इस उपलब्धि से उन्नाव जिले का नाम रोशन किया है । उत्तर प्रदेश पुलिस में सीनियर सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत एवम उन्नाव पुलिस



कंट्रोल रूम में तैनात अनूप मिश्रा अपूर्व गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले " वदीर्धारी मास्टर जी " और पर्यावरण संरक्षण कार्यों हेतु " ट्री मैन " के नाम से अत्यंत लोकप्रिय हैं, वे लगभग 30 वर्षों से सामाजिक कार्यों में जुटे हैं । पुलिस ड्यूटी के दायित्व को बाखूबी निभाने के साथ साथ सराहनीय सामाजिक कार्यों के जरिये समाज में खाकी का मान सम्मान बढ़ाने वाले सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस पर तत्कालीन पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस ओ. पी. सिंह द्वारा प्रद्दत प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मेडल तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक पी .ए .सी . मुख्यालय विनोद कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया था । इसके अलावा महात्मा गांधी सेवा रत्न, सोशल ब्रेवरी, यू पी रत्न, राष्ट्रीय शौर्य सम्मान, भारत गौरव, नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड के साथ ही कई अवॉर्ड से उन्हें नवाजा जा चुका है । गरीब बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अनूप मिश्रा द स्ट्रीट क्लासेस चलाते हैं जिनमें बच्चों को निःशुल्क पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है और इन बच्चों को कॉपी, किताब, पेन पेंसिल, स्लेट, कलर्स, स्कूल बैग्स आदि शिक्षण सामग्री पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपने वेतन के पैसों से उपलब्ध करवाते हैं। " राइट टू एजुकेशन " के तहत प्रशासन के सहयोग से उन्होंने अभी तक 10000 से अधिक बच्चों को स्कूल में दाखिला करवाया है । बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत वे अभावग्रस्त परिवार की पांच बेटियों की शिक्षा का खर्च स्वयं उठाते हैं, जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों और कच्ची बस्तियों में सिलाई , कढ़ाई , अचार चटनी मुरब्बा बनाने की कला और कुकिंग आदि के निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित करते हैं। ट्रीमैन के नाम से मशहूर अनूप मिश्रा द्वारा एक लाख से अधिक पौधे लगाने और सेल्फी विद झोला अभियान के तहत एक लाख से अधिक लोगों को कपड़े या जूट से बने थैलों को उपयोग में लाने के प्रति जागरूक करने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है । वहीं विजयी विश्व भारती रत्न अवार्ड 2023 से सम्मानित जनपद उन्नाव की दूसरी शख्सियत प्रज्ञा त्रिवेदी उन्नाव जनपद के बीघापुर विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली कंपोजिट में विज्ञान शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं तथा उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों और नवाचार हेतु " कर्मयोगी शिक्षिका " के रूप में जनपद में उन्हें जाना जाता है।शिक्षा के क्षेत्र एवं सामाज की वंचित महिलाओं हेतु स्वालंबन की अलख जगाने वाली प्रज्ञा त्रिवेदी को इसी वर्ष शिक्षक दिवस पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य शिक्षक 2022 पुरुस्कार से भी सम्मानित किया गया है । शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी ने अपने स्वयं के खर्चे से उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली कंपोजिट, बीघापुर में स्मार्ट क्लास, स्काउट गाइड दल, विज्ञान क्लब आदि की शुरूआत करके बच्चों को रुचिकर शिक्षा देने का अनूठा प्रयास किया है । शिक्षा के साथ साथ वे बच्चों को आत्मनिर्भर बनने का ज्ञान भी दे रही हैं। नवाचार युक्त शिक्षण, आत्म रक्षा प्रशिक्षण, योगा प्रशिक्षण, व्यवसायिक प्रशिक्षण( सॉस, जैम, धूप बत्ती, साबुन आदि बनाने का प्रशिक्षण), महिला स्वालंबन आदि सरोकार करने वाली शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को एजुकेशन लीडर सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान,
राज्य स्तरीय मतदाता जागरूकता सम्मान, मिशन शक्ति सम्मान, अनंता सम्मान, आयुष योगा सम्मान, आईसीटी प्रतियोगिता पुरस्कार, आदर्श शिक्षक सम्मान, राष्ट्रीय गौरव सम्मान, साउथ एशिया वूमेन अवार्ड, इंस्पायरिंग वूमेन अवॉर्ड पुरस्कार सहित कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

दोनो शख्सियत ने अपने कार्यो से जनपद का नाम रोशन किया है।

# मानक नगर पुलिस की सतर्कता व पेनी निगाहों से नहीं बच सका मोबाइल लुटेरा

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। डीसीपी पश्चिम राहुल राज के निदेर्शानुसार एवं एसीपी काकोरी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में लगातार काम कर रहे मानक नगर कोतवाल शिवमंगल सिंह की पुलिस टीम के हाथ लगी सफलता वाहन चेकिंग अभियान चला रहे उप निरीक्षक अरविंद कुमार व सहयोगी हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार कांस्टेबल अजय कुमार चेकिंग देख घबराए संदिग्ध युवक ने अपनी अपाचे मोटरसाइकिल मोड वहां से रफूचक्कर होने की करी कोशिश मानक नगर पुलिस की पेनी निगाहों के घेरे में आने के बाद पीछा कर उप निरीक्षक अरविंद कुमार ने धर दबोचा ।



संदिग्ध व्यक्ति को पूछताछ करने एवं उसकी चेकिंग करने पर पता चला कि वह एक शातिर मोबाइल स्नैचर है जो सीएमएस स्कूल के पास हरदोई रोड़ से मोबाइल छीनकर हुआ था फरार मानक नगर कोतवाल शिवमंगल सिंह की पुलिस टीम ने गिरफ्तारी कर आगे की विधिक कार्रवाई करने में जुटी।

# खेल और खिलाड़ियों को लेकर लोगों की धारणा में बदलाव आया है : मुख्यमंत्री

**- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी गंजारी में जनसभा को किया संबोधित**

**- वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के आधारशिला समारोह में शामिल हुए सीएम योगी**

**- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की रखी आधारशिला**

**- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सहित दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों का काशी में किया स्वागत अभिनंदन**

वाराणसी, 23 सितंबर। पिछले साढ़े 9 वर्ष के दौरान दुनिया की सबसे प्राचीन सांस्कृतिक आध्यात्मिक नगरी अविनाशी काशी में समग्र विकास हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी ने जिन ऊंचाइयों को छुआ है उसे देश ही नहीं पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक बार फिर अनेक उपहारों के साथ काशी आए हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश में बीसीसीआई द्वारा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। खेल और खिलाड़ियों को लेकर आज लोगों की धारणा में बदलाव आया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंजारी स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान के आधारशिला समारोह के दौरान कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश के दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों का मुख्यमंत्री ने काशी की धरती पर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि जी-20 की अभूतपूर्व सफलता के उपरांत अनेक उपलब्धियों के साथ प्रधानमंत्री का आज उनकी अपनी काशी में आगमन हुआ है। इस अवसर पर यूपी सरकार और काशी वासियों की ओर से उनका हृदय से स्वागत अभिनंदन करता हूं। जी-20 के दौरान ग्लोबल लीडर्स ने भारत के सामर्थ्य और शक्ति को नजदीक से देखा है। यही नहीं वसुधैव कुटुम्बकम के अनुरूप ग्लोबल लीडर्स की उपस्थिति में भारत की 140 करोड़ जनता ने देश को वैश्विक ताकत के रूप में उभरते हुए अनुभव किया है।




मुख्यमंत्री ने पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावास्कर, कपिल देव, गोडप्पा विश्वनाथ, सचिन तेंदूलकर, रवि शास्त्री, दिलीप वेंगसरकर, मदन लाल, गोपाल शर्मा, नीतू डेविड, शुभांगी कुलकर्णी का काशी में स्वागत करते हुए कहा कि इन सभी ने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाई प्रदान करने और क्रिकेट के जुनून को घर घर तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने बीसीसीआई चेयरमैन रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का अभिनंदन करते हुए कहा कि इन सभी ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण में विशेष रुचि दिखाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 साल के दौरान हमने पूरे देश में एक नई कार्य संस्कृति को देखा है। हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता ने देश में खेल और खिलाड़ियों को लेकर लोगों की धारणा में बदलाव किया है। साथ ही साथ खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए हर जनपद में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना का कार्य, हर गांव में खेल मैदान, हर विकास खंड में मिनी स्टेडियम के निर्माण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। वाराणसी में स्मार्ट सिटी के माध्यम से सिगरा स्टेडियम को री डेवलप किया जा रहा है। वहीं पहली बार बीसीसीआई के द्वारा यूपी के इस तीसरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी जा रही है।

# भविष्य के भारत का भव्य प्रतीक बनेगा ये स्टेडियम

पृष्ठ संख्या 1 का शेष

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बस ईंट और कंक्रीट का मैदान नहीं, बल्कि भविष्य के भारत का भव्य प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि हर विकास के लिए मेरी काशी अपना आशीर्वाद लिए मेरे साथ खड़ी रहती है। आपके बिना काशी में कोई विकास का संकल्प सिद्ध नहीं हो सकता है। आपके आशीर्वाद से हम काशी के कायाकल्प के लिए इसी तरह विकास के नये अध्याय लिखते रहेंगे। उन्होंने बताया कि जब खेल का इंफ्रास्ट्रक्चर बनता है। तो खेल ही नहीं स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी उसका सकारात्मक असर होता है। जब ऐसे बड़े सेंटर बनेंगे तो बड़े आयोजन होंगे। बड़ी तादात में दर्शक और खिलाड़ी यहां आंएगे। इससे होटल, खानपान की दुकान, रिक्शा ऑटो रिक्शा और नाव वालों को लाभ मिलेगा। नये स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर खुलेंगे और वाराणसी में स्पोर्ट्स इंडस्ट्री तैयार होगी।



## सरकार कदम कदम पर खिलाड़ियों की मदद कर रही है

प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी का सांसद होने के नाते यहां आए बदलाव का मैं साक्षी रहा हूं। इस स्टेडियम के साथ ही सिगरा स्टेडियम के पुनर्निर्माण पर 400 करोड़ खर्च किये जा रहे हैं। वहां 50 से अधिक खेलों के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। वो देश का बहुस्तरीय स्पोर्टस कॉम्पलेक्स होगा, जिसे दिव्यांगजनों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। इसे भी जल्द ही काशीवासियों को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा बड़ा लालपुर का सिंथैटिक ट्रैक हो, बास्केटबॉल कोर्ट, अखड़ा हो, हम नया निर्माण तो कर ही रहे हैं साथ ही साथ पुरानी व्यवस्था को भी सुधार रहे हैं। हमने स्पोर्ट्स को युवाओं के फिटनेस, रोजगार और करियर से जोड़ा है। इस वर्ष केंद्रीय खेल बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। सरकार हमारे खिलाड़ियों के साथ टीम मेंबर बनकर चलती है। स्कूल से यूनिवर्सिटी तक की प्रतियोगिताएं हैं। सरकार कदम कदम पर खिलाड़ियों की मदद कर रही है।

**गांव गांव में खेलों के महारथी मौजूद हैं, जरूरी है इन्हें तलाशने और तराशने की**

प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के इतिहास में भारत की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पिछले कई दशकों में भारत ने जितने मेडल जीते थे उससे ज्यादा मेडल हमारे बच्चे इस बार लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री ने एशियन गेम्स में गये खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गांव गांव में खेलों के महारथी मौजूद हैं। जरूरी है इन्हें तलाशने और तराशने की। आज छोटे छोटे शहरों के खिलाडी देश की शान बने हुए हैं। खेलो इंडिया अभियान से देश के कोने से खिलाड़ियों की पहचान की जा रही है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनाने में सरकार अहम भूमिका निभा रही है। पहले अच्छे स्टेडियम केवल कुछ बड़े शहरों में ही मौजूद थे। अब देश के कोने कोने में खेलो इंडिया अभियान के जरिए स्पोर्ट स्टेडियम बनाये जा रहे हैं। इसका लाभ बेटियों को मिल रहा है। नई शिक्षा नीति में खेल को साइंस, मैथ और कॉमर्स की तरह ही महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। देश का मिजाज ऐसा बना है कि जो खेलेगा वही खिलेगा।

# महिलाओं की ताकत से पास हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम, कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत : मोदी

- वाराणसी में नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में महिलाओं ने किया प्रधानमंत्री का सम्मान
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की मातृ शक्ति की ओर से पीएम का जताया आभार
- संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने के बाद काशी में महिलाओं ने पीएम का किया भव्य अभिनंदन
- बोले प्रधानमंत्री- कुछ लोगों को अधिनियम में वंदन शब्द पर आपत्ति, तीन दशक से लटका रखा था ये कानून
- माताओं बहनों की शक्ति मेरा सबसे बड़ा सुरक्षा कवच : प्रधानमंत्री
- माताओं-बहनों की ताकत से कांप रही देश की राजनीतिक पार्टियां : प्रधानमंत्री
- विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं ने प्रधानमंत्री का किया स्वागत अभिनंदन





वाराणसी, 23 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि माताओं और बहनों की शक्ति ही उनका सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। पीएम मोदी ने वाराणसी के संपूर्णानंद मैदान में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान विपक्ष को इस बात के लिए आड़े हाथ लिया कि तीन दशक तक इस बिल को लटकाकर रखा गया। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों की एकजुटता और उनकी ताकत के कारण आज राजनीतिक पार्टियां कांप रही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर प्रदेश की मातृशक्ति की ओर से प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े नौ साल में माताओं और बहनों को केंद्र में रखकर सरकार ने काम किया है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिला समूहों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

इस बार कई गुना बढ़ गया है नवारात्रि का उत्साह प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि काशी माता कुष्मांडा, माता शृंगार गौरी, मां अन्नपूर्णा और मां गंगा की पावन नगरी है। यहां के कण कण में मातृ शक्ति की महिमा जुड़ी है। विंध्यवासिनी देवी भी बनारस से दूर नहीं हैं। काशी नगरी देवी अहिल्याबाई होल्कर के पुण्य कार्यों और प्रबंध कौशल की साक्षी रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने इस बार नवारात्रि के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। इस कानून से देश में महिला विकास के रास्ते खुलेंगे। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी।

## हर काल में साबित किया है नारी नेतृत्व का सामर्थ्य

उन्होंने कहा कि नारी का नेतृत्व बाकी दुनिया के लिए आधुनिक व्यवस्था हो सकती है। हम तो महादेव से पहले मां पार्वती और गंगा को प्रणाम करने वाले लोग हैं। हमारी काशी रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगना की जन्मभूमि है। आजादी की लड़ाई में लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं से लेकर मिशन चंद्रयान को लीड करने वाली महिला वैज्ञानिकों तक नारी नेतृत्व के सामर्थ्य को हर कालखंड में हमने साबित किया है। उन्होंने कहा कि तीन दशक से ये कानून लटका था। आज संसद के दोनों सदनों में उन पार्टियों को भी इसके समर्थन में आना पड़ा जो पहले इसका विरोध करते थे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यपक विजन वाला कार्यक्रम

प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यपक विजन वाला कार्यक्रम है। हम ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए किसी की जरूरत न पड़े। इसके लिए कानून के साथ साथ सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत करना जरूरी है। इसलिए इस कानून का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया है। कुछ लोगों को इसमें भी वंदन शब्द से परेशानी है। माताओं बहनों को वंदन नहीं करेंगे तो क्या करेंगे। ये लोग नहीं समझ पाते कि नारी शक्ति के वंदन का अर्थ क्या है। हमें ऐसी नकारात्मक सोच से बचते हुए विकास पथ पर आगे बढ़ना है। देश आगे बढ़ता रहेगा, और ऐसे बड़े निर्णय लेते रहेगा।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कदम उठाये गये : योगी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा, "नास्ति मातृसमा छाया नास्ति मातृसमा गतिः, नास्ति मातृसमं त्राणं नास्ति मातृसमा प्रया।" मां के समान कोई छाया नहीं, मां के समान को सहारा नहीं, मां के समान कोई रक्षक नहीं, मां के समान कोई प्रिय नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 9 साल में पूरी दुनिया ने बदलते हुए भारत को देखा है। भारत की आधी आबादी और मातृ शक्ति को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित कराने के बाद आज प्रधानमंत्री का आगमन अपनी काशी में हुआ है। 2014 के उपरांत महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कदम उठाये गये हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और मिशन इंद्रधनुष के जरिए महिलाओं को सुरक्षा कवच देने का कार्य हुआ है।

महिला समूहों ने किया प्रधानमंत्री का अभिनंदन वहीं इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना की लाभार्थी महिलाओं ने फूलों की माला से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। इसके अलावा शहरी आजीविका मिशन की लाभार्थी महिलाओं ने पुष्पगुच्छ देकर, प्रधानमंत्री आवास योजना की महिलाओं ने तुलसी का पौधा भेंट कर, आयुष्मान योजना की लाभार्थियों ने अंगवस्त्र के माध्यम से तथा उचित दर विक्रेता की लाभार्थी महिलाओं ने गणपति प्रतिमा भेंट कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना की।

# इनोवेशन, स्टार्टअप, एंटरप्रेन्योरशिप और टाइम मैनेजमेंट के नाम रहा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरा दिन

## इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन विभिन्न सेशंस में अलग-अलग सेक्टर्स के एक्सपर्ट्स ने दिए निवेशकों को सफलता के मंत्र दिए

*उद्यमियों को योगी सरकार द्वारा प्रदेश में निवेश के लिए उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों की भी दी गई जानकारी*

*एकेटीयू के एक्सपर्ट्स ने उत्तर प्रदेश में इनोवेशन के साथ उद्योगों के लिए बेहतर माहौल पर की विस्तार से चर्चा*

*विभिन्न यूनिवर्सिटी एक्सपर्ट्स ने एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप की जरूरत पर दिया जोर, छात्रों को इंडस्ट्री के नेचर को समझने में मिलेगी मदद*

*मुंबई डब्बावाला के एमडी ने प्रतियोगी युग में सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए टाइम मैनेजमेंट की आवश्यकता पर दिया बल*

लखनऊ, 23 सितंबर। उत्तर प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक मंच दिलाने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन विभिन्न सेशंस का आयोजन हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश में उद्योगों को स्थापित करने में इनोवेशन का महत्व, स्टार्टअप की संभावनाओं, युवाओं को एंटरप्रेन्योरशिप के मंत्र और इंडस्ट्री में टाइम मैनेजमेंट की जरूरत पर बल दिया गया। विभिन्न सेक्टर्स से आए एक्सपर्ट्स ने जहां एक ओर निवेशकों को सफलता के मंत्र दिए तो वहीं योगी सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों की भी जानकारी दी गई। वहीं, मुंबई डब्बावाला के एमडी ने व्यवसाय में लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट को सबसे आवश्यक बताया। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से न सिर्फ लोकल एग्जिबिटर्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रही है, बल्कि ग्लोबल बायर्स को भी उत्तर प्रदेश से जुड़ने का अवसर दे रही है।

### यूपी में इंडस्ट्री में इनोवेशन को दिया जा रहा विशेष महत्व

इंटरनेशनल ट्रेड शो में तीसरे दिन पहला सेशन इनोवेशंस पर आधारित था। सुबह 11.30 से 12:30 तक आयोजित इस सेशन में उत्तर प्रदेश में बिल्डिंग इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम का माहौल कैसे तैयार किया जाए, इस पर चर्चा की गई। सेशन में अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के एक्सपर्ट्स उपस्थित रहे, जिनमें इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, इनोवेशन हब के प्रबंधक रितेश सक्सेना व वंदना शर्मा ने उत्तर प्रदेश में किस तरह से इनोवेशन के साथ उद्योगों के लिए बेहतर माहौल बनाया जा सकता है, इस पर विस्तार से चर्चा की। इसमें मुख्य विषयों में इनोवेशन हब के बारे में, उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप पॉलिसी-2020 और फंडिंग के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। बिल्डिंग इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम पर एकेटीयू के इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत बड़े इंडस्ट्री हब के रूप में नए आयाम गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस अनोखे ट्रेड फेयर में जिस तरह निवेशक रुचि ले रहे हैं इसके पीछे यही मुख्य कारण है कि प्रदेश में इंडस्ट्री में इनोवेशन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश को बढ़ाने के लिए इनोवेशन पर काम करना जरूरी है, जिसके लिए प्रदेश में पूरा माहौल बन रहा है।

### आज के समय की मांग है एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप

दूसरा सेशन 12:30 से 1:30 बजे तक रहा, जिसमें एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप पर चर्चा हुई। इसमें पहला विषय यूथ-एंटरप्रेन्योरशिप और इंडस्ट्री कनेक्ट- नीड ऑफ द आवर रहा। दूसरा विषय एकेडमिया कोलैबोरेशन- स्ट्रेथिंग इनवेशन इकोसिस्टम और तीसरा विषय एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप- अमृतकाल का महत्व रहा। इस सेशन में गौतमबुद्ध नगर स्थित शारदा, शिव नादर और एमिटी यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट्स ने परिचर्चा में भाग लिया।

# जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दिनांक 24 सितंबर से 26 सितंबर 2023 तक किया जाएगा निशुल्क खाद्यान्न का वितरण।

अंत्योदय कार्ड धारकों को उक्त अवधि में त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितंबर 2023 के सापेक्ष प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से 03 किग्रा0 चीनी का किया जाएगा वितरण।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि माह सितंबर 2023 के सापेक्ष प्रदेश के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का निशुल्क तथा अंत्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितंबर 2023 के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किग्रा की दर से 54 रुपए में चीनी का वितरण माह सितंबर 2023 में दिनांक 12 सितंबर से 23 सितंबर 2023 तक वितरण कराए जाने के लिए तिथियां निर्धारित की गई थी।

# आकाशीय बिजली गिरने से आंशिक क्षति, लोग भयभीत

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत बहुआरा गोडारी के बीच में शिव शक्ति एग्रो फ्यूएल पेट्रोल पंप पर आकाशीय बिजली गिरने से आंशिक क्षति हुई है। पेट्रोल पंप के कर्मचारी के द्वारा बताया गया कि लगभग 12 बजे आकाशीय बिजली गिरी जिस कारण से डी जी जनरेटर फट गया व छत भी आंशिक रूप से फट गया है। वही पेट्रोल पंप परिसर स्थित एक हरे पेड़ ने अपनी तरफ आकर्षित करने का कोशिश तो किया लेकिन फिर तेज आ रही आकाशीय बिजली से बचा ना सकी। बताया जा रहा कि दो आदमी आंशिक रूप से घायल हुआ है, जिनका इलाज गोडारी स्वास्थ्य केंद्र के पास कराया गया, वहीं पंखा लाइट तार जो भी था वह जल गया। जिस कारण से पेट्रोल पंप अस्त व्यस्त हो गया है तथा पेट्रोल पंप के कर्मचारी भी भयभीत हो गये है।



# कोचस पुलिस ने बाइक पर रखें बैग से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बरामद

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार जिले की सभी पुलिस अपने थाना क्षेत्र में गस्त तेज कर दी है। जिसमें शराब माफियाओं के प्रति पुलिस दिन-रात एक कर करेवारियों को गिरफ्तार कर रही है। पुलिस ने शनिवार के दिन लकड़ी मोड़ के समीप वाहन जांच के दौरान एक बाइक पर रखें बैग से लगभग साढे 25 लीटर अंग्रेजी शराब को जप्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के लकड़ी मोड़ के समीप पुलिस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था की वाहन जांच के दौरान एक बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 ए के 5461 को संदिग्ध स्थिति में देखा गया जिसमें पुलिस के द्वारा बाईक की तलाशी लिए जाने पर बाइक पर रखें एक बैग से 48 पिस कैन बियर तथा दो पीस रॉयल व्हिस्की स्टेज प्रति 750 एम एल अंग्रेजी शराब को पुलिस ने जप्त किया है। जबकि बाइक को खड़ा कर बगल में देख रहे शराब कारोबारी पुलिस को देख भागने में सफल रहा। पुलिस बाइक जप्त कर थाने लाई जहां बाइक के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।




# एक शराब कारोबारी सहित तीन वारंटी गिरफ्तार

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि धर्मागतपुर गांव निवासी नन्दजी यादव के पुत्र टीपू यादव को गिरफ्तार किया, जिस पर मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 474/18 दर्ज किया गया था। वहीं एक पुराने मामले में कोर्ट से वारंट निर्गत होने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 367/16 में संलिप्त मोहनपुर गांव निवासी रामप्रवेश सिंह के पुत्र अजय सिंह तथा राजकिशोर सिंह के पुत्र भुअर सिंह व बकुली सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया।

# बीडीओ ने पोषण जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि संझौली, रोहतास**

आईसीडीएस विभाग के तहत चल रहे राष्ट्रीय पोषण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शनिवार को संझौली प्रखंड मुख्यालय से प्रखंड प्रमुख



समीरचन्द चौधरी, उपप्रमुख प्रतिनिधि वरुण कुमार व बीडीओ मोहम्मद सयैद सरफराजूद्दीन अहमद ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस संबंध में पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी ने बताई कि जागरूकता रथ प्रखंड क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करते हुए महिलाओं व जन्म से लेकर 06 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य जांच, संपूर्ण टीकाकरण एवं पौष्टिक आहार आदि के संबंध में विस्तार से लोगों तक जानकारी पहुंचाएगा। कहा कि प्रत्येक वर्ष सितंबर माह को पोषण माह के रुप आयोजित किया जाता है। जिसके तहत पूरे प्रखंड में पंचायत एवं ग्रामीण स्तर पर पोषण संबंधी विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों में होने वाले कुपोषण को दूर करने के लिए आम जनता को जागरुक किया जाता रहा है। इस पोषण माह में समग्र रुप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और छः वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाने के लिए विभिन्न प्रकार के गतिविधियों के माध्यम आंगनबाड़ी स्तर पर लोगों को जागरुक किया जाता है। मौके पर कोऑर्डिनेटर रीमा कुमारी, स्वच्छता प्रखंड समवन्यक किरण कुमारी आदि कई कर्मी उपस्थित रहे।

# कुरूर में पोषण मेला का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

बाल विकास परियोजना काराकाट के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के कुरूर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर शनिवार को पोषण मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीडीपीओ रूबी कुमारी और पर्यवेक्षिका मीना कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर सीडीपीओ ने सेवा निवृत्त सिपाही बबन सिंह का फूलों का माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सेविका प्रमिता कुमारी ने पोषण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी इनके अलावा मुन्ना अमीन, नितू कुमारी, हर्षी कुमारी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए पोषण के महत्व के संबंध में बताते हुए भोजन में मोटे अनाजों का उपयोग करना लाभकारी बताया। सीडीपीओ ने उपस्थित महिलाओं को पोषण के थीम को अपनाने और दूसरे को जागरूक करने की शपथ ली। मौके पर वार्ड पार्षद शांति देवी, बीडीसी गुड़िया देवी, पिंटू सिंह, सेविका धनामुनी देवी, सोनी कुमारी, लालसा कुमारी, माया कुमारी, मंजू कुमारी, शशिलता, राधिका, फूलमती, सहायिका विमला देवी, रेखा देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला उपस्थित थीं।

# लोक जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन हेतु बैठक अधिकारी व जनता का सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट प्र-खंड के अमौना पंचायत सरकार भवन परिसर में शनिवार को राज्य सरकार द्वारा जारी आधारभूत संरचना के निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य से सम्बंधित योजनाओं, समाज सुधार के कार्यक्रम तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर आम जन तक पहुंचने वाले ससमय और पारदर्शी के लिए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने किया। जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे प्रखंड के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जन संवाद में जनता ने अधिकारियों से अपनी समस्या रखी अधिकारी सबसे पहले सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली लोक कल्याणकारी योजना से मिलने वाले लाभ की जानकारी ली गयी। जन संवाद में पीएम आवास, जन वितरण प्रणाली के सरकारी दुकान से मिलने वाले अनाज, स्वास्थ्य सुविधा, मनरेगा कार्य तथा पंचायत के मुखिया, बीडीसी द्वारा कराये जा रहे कार्य की आम जनता से जानकारी ली गयी तो आम जन का राय रहा कि योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कुछ गरीब मजदूर वर्ग के लोग राशन कार्ड बनाने की मांग किया। कुछ घर विहीन गरीब मजदूर लोग पीएम आवास की भी मांग किया। बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने जन संवाद में लोगों से कहा कि किसी भी विभाग से कोई भी आपकी जो भी समस्या हो खुल कर बताइये उसका समाधान किया जाएगा। इसमें संकोच करने की कोई जरूरत नहीं है। किसान की समस्या हो, मजदूर की समस्या हो,पीडीएस की समस्या हो, स्वच्छता की समस्या हो, शौचालय की समस्या हो सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सीओ जितेंद्र कुमार ने जमीनी विवाद पर चर्चा करते हुये बताया कि शनिवार को जनता दरबार लगता है उसमें आवेदन देकर जमीनी विवाद का निष्पादन करा सकते है। बीपीआरओ रेणुका कुमारी ने पंचायत में कार्यान्वित विकास योजनाओं की चर्चा किया। पीओ राजेश कुमार ने मनरेगा से मजदूरों को मिलने वाले कार्य, आमजन को मनरेगा से मिलने वाले लाभ पर चर्चा किया तथा मजदूरों से उनका मन्तव्य जाना। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राहुल सिंह ने पीडीएस से मिलने वाले अनाज की जानकारी लिया। स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी प्रभारी डॉ राजीव कुमार ने आम जन से स्वास्थ्य विभाग का हाल जाना, बीईओ कलीमुद्दीन ने क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था का आम जनता से हाल जाना, प्रखंड समन्वयक मो. असरफ अली ने स्वच्छता के साथ शौचालयोन के स्थिति पर जानकारी ली। जन संवाद में आम जनता ने प्र-खंड के अधिकारियों से सीधा संवाद किया और काफी संतुष्ट दिखे। मौके पर अमौना पंचायत मुखिया सुनैना देवी, आवास पर्यवेक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक कौशलेंद्र शर्मा, बीपीएम जीविका आशा कुमारी, सीडीपीओ पर्यवेक्षिका मीना कुमारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व जनता मौजूद थे।

# राजपुर बजार के चौक पर पीडबलूडी के सड़क पर जल जमाव

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

स्थानीय बाजार के नोखा रोड में चौक से ग्रामीण बैंक तक लगभग दो सौ मीटर की दूरी में पीडब्ल्यूडी के सड़क पर सालों दिन जल जमाव बना हुआ है। हल्का सा बारिश होने पर सड़क झील में तब्दील हो जा रहा है।जिस कारण आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रखंड मुख्यालय का बड़ा बाजार होने के नाते प्रतिदिन छोटे बड़े सैकड़ो वाहन व हजार लोगों उक्त सड़क से गुजरते हैं। काफी भीड़ भांड वाली जगह है। जल जमाव के कारण स्कूल जाने वाले छात्र समेत पीएनबी व ग्रामीण बैंक में जाने वाले ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है, सड़क किनारे दुकान खोले दुकानदार भी परेशान हैं।यह सब खुली आंखों से देखकर भी प्रशासन व पथ निर्माण विभाग मुक दर्शक बना हुआ है।

कहते हैं समाजसेवी--

क्षेत्र के समाजसेवी सनी वर्मा,अतुल चौबे, सुनिल चौबे,भाजपा नेता ज्ञानचंद शाह,उमेश गुप्ता,राजेश कुशवाहा,श्री भगवान तिवारी,दिनेश तिवारी,डा रामाकान्त दुबे समेत अन्य ने बताया कि पथ निर्माण विभाग ने अभी कुछ दिनों पहले हीं सड़क का निर्माण किया हुआ है.लगभग दो वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी ने सड़क पर जल जमाव रोकने के लिए बजार के डिहरी,नासरिगंज व नोखा रोड़ में कई करोड़ खर्च कर काव नदी तक चौड़ा नाली का निर्माण किया है। बावजूद भी सड़क पर सालों दिन जल जमाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि नाली का निर्माण पूर्व में बनाए गए सड़क के लेवल से कुछ ऊपर हुआ है। जिस कारण जल जमाव हो रहा है। ग्रामीण बैंक से चौक तक सड़क का निर्माण कर नाली के लेवल तक लाये जाने की आवश्यकता है। तभी समस्या से मुक्ति मिल पाना संभव होगा। कहते हैं पदाधिकारी पीडब्ल्यूडी के स्कयूटीव इंजीनियर मोहम्मद जियाउद्दीन खान ने बताया कि विभाग के इंजीनियरों की टीम जल्द हीं उक्त स्थल का निरीक्षण करेगी। जिसके बाद समस्या का समाधान किया जाएगा।



# दहेज लोभियों ने किया नव विवाहिता की हत्या

**दैनिक समाज जागरण विकास शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में शुक्रवार को एक नव विवाहिता की हत्या कर दी गई है। इस संबंध में मृतका 23 वर्षीय काजल कुमारी के पिता प्रवेश राम ने स्थानीय थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिकी दर्ज में कहा गया है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर थाना अंतर्गत झरही धनाव गांव के निवासी हूँ। मैं अपनी बेटी की शादी 3 वर्ष पूर्व 2021 में रामगढ़ निवासी उमाशंकर राम के पुत्र सत्येंद्र राम के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ किया था। शादी के कुछ दिन बाद मेरी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार उसके साथ मारपीट भी की गई। जिसका सूचना वह हम लोग को दूरभाष के माध्यम से देती थी, ससुर उमाशंकर राम उम्र पति सत्येंद्र राम उम्र 30 वर्ष भसुर जितेंद्र राम गौतनी सोनम देवी इन लोगों द्वारा मेरी बेटी को हमेशा प्रताड़ित किया जा रहा था। मोटरसाइकिल की मांग के बाद दे दिया गया था। और एक लाख की मांग की जा रही थी, बिजनेस करने के लिए नहीं देने के बाद शुक्रवार को फांसी लगाकर उस-को मारकर शव को जला दिया गया है।दूरभाष के माध्यम से हम लोगों को सूचना मिली कि आपकी बेटी का तबीयत बहुत खराब है आप आ जाइए हॉस्पिटल में भर्ती है। जब हमारे द्वारा पूछा गया कि कौन सा हॉस्पिटल में है , तो उन लोगों के द्वारा नहीं बताया गया। इस संबंध में अपर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि इस संबंध में आवेदन मिल गया है प्राथमिकी की दर्ज की जा रही है। घटनास्थल पर जाकर मामले की जांच किया जा रहा है।

# जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण और गरीबों को दिया उपहार

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

अक्सर यह देखा जाता है कि जन्मदिन के दिन लोग बड़े ही धूमधाम से केक काटकर और बड़ी पार्टी का आयोजन करते हैं। लेकिन इन सबसे उपर सोनभद्र लायन्स क्लब के सदस्यों ने सोनभद्र लायन्स क्लब की अध्यक्ष सांवली सिन्हा की छोटी बेटी आन्या का जन्मदिन सादगी पूर्ण ढंग से मनाया और यह संदेश दिया कि जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा के साथ ही गरीबों को उपहार देकर एक नई परंपरा की शुरूआत कर सकते हैं। वैसे तो कई ऐसे मौके होते हैं जब लोग वृक्षारोपण करते हैं लेकिन जन्मदिन के मौके पर वृक्षारोपण जब एक छोटी सी बच्ची ने किया तो लोगों ने उसका हौसला अफजाई किया। सोनभद्र लायन्स क्लब द्वारा समय-समय पर कई सामाजिक गतिविधिया की जाती है और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आन्या का जन्मदिन मनाया गया और इस अवसर पर लायंस क्लब के सदस्यों ने तिलौथू स्थित लीलापुरी में गरीब बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल व चॉकलेट विवरण किया। इससे पहले अमलतास निकेतन के कैंपस में वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। जिसमें अमलतास निकेतन के कई छात्र-छात्राएं और शिक्षक भी शामिल हुए । इस मौके पर लायन्स क्लब की अध्यक्ष सांवली सिन्हा ,सचिव असलम अख्तर , सत्यानंद कुमार, कंचन देवी, रंजना सिन्हा, अमलतास निकेतन की संचालिका संगीता, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार, शिक्षिकाओं में कुमारी प्रतिमा,ज्योति कुमारी और शिक्षक में सिदेश्वर ओझा, देवेंद्र शुक्ला,धर्मेंद्र कुमार और कई छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# लोक जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन हेतु बैठक अधिकारी व जनता का सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट प्र-खंड के अमौना पंचायत सरकार भवन परिसर में शनिवार को राज्य सरकार द्वारा जारी आधारभूत संरचना के निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य से सम्बंधित योजनाओं, समाज सुधार के कार्यक्रम तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर आम जन तक पहुंचने वाले ससमय और पारदर्शी के लिए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने किया। जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे प्रखंड के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जन संवाद में जनता ने अधिकारियों से अपनी समस्या रखी अधिकारी सबसे पहले सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली लोक कल्याणकारी योजना से मिलने वाले लाभ की जानकारी ली गयी। जन संवाद में पीएम आवास,जन वितरण प्रणाली के सरकारी दुकान से मिलने वाले अनाज, स्वास्थ्य सुविधा, मनरेगा कार्य तथा पंचायत के मुखिया, बीडीसी द्वारा कराये जा रहे कार्य की आम जनता से जानकारी ली गयी तो आम जन का राय रहा कि योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कुछ गरीब मजदूर वर्ग के लोग राशन कार्ड बनाने की मांग किया। कुछ घर विहीन गरीब मजदूर लोग पीएम आवास की भी मांग किया। बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने जन संवाद में लोगों से कहा कि किसी भी विभाग से कोई भी आपकी जो भी समस्या हो खुल कर बताइये उसका समाधान किया जाएगा। इसमें संकोच करने की कोई जरूरत नहीं है। किसान की समस्या हो, मजदूर की समस्या हो,पीडीएस की समस्या हो, स्वच्छता की समस्या हो, शौचालय की समस्या हो सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। संबंधित सभी अधिकारियों अपने अपने विभाग पर परिचर्चा किया। जिसमें अंचल संबंधित अंचलाधिकारी , बीपीआरओ,चिकित्सा पदाधिकारी, मनरेगा पीओ, आपूर्ति पदाधिकारी ,प्रखंड समन्वयक व अन्य लोगों ने जनता से सीधा संवाद किया व उनका हाल जाना। मौके पर अमौना पंचायत मुखिया सुनैना देवी,आवास पर्यवेक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक कौशलेंद्र शर्मा,बीपीएम जी-विका आशा कुमारी,सीडीपीओ पर्यवेक्षिका मीना कुमारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व जनता मौजूद थे।



# बरना पंचायत सरकार भवन पर जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत राजपुर प्र-खंड के बरना पंचायत सरकार भवन पर शनिवार को बीडीओ रविराज के नेतृत्व में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां सरकार के जनहित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता के बीच प्रदान की गई।मौके पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार ने जनहित में अनगिनत सरकारी योजनाएं चला रखी है.जिसकी जानकारी जनता को पहले से है। लेकिन काफी सारे योजनाओं की जानकारी नहीं भी होती है। बीच-बीच में सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं में परिवर्तन लाए गए है। जिसकी जानकारी आम जनता तक पहुंचने के लिए हम आपके बीच आए हैं। जिससे आपको सुविधा हो सके। कार्यक्रम की शुरूआत भूमि समबन्धित मामले के निपटारे व अपदा के तहत पीड़ित को सरकार से अंचल कार्यालय से मिलने वाले लाभ व कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए अंचलाधिकारी ने की। बाद में प्रखंड कृषि पदाधिकारी,प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, मनरेगा पदाधिकारी,कल्याण पदाधिकारी व भारत स्वच्छता व लोहिया स्वच्छता मिशन के पदाधिकारी ने अपने-अपने विभागों से आम जनता के होने वाले कार्यों और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान आम जनता के तरफ से सबसे ज्यादा शिकायत शौचालय राशि भुगतान व राशन कार्ड बनाने में धांधली, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत, गांव में साफ सफाई व नाली के पानी निकासी के अभाव में जल जमाव की समस्या व दिक्कतों के सामना करने को ले दर्ज कराई गई। मौके पर पंचायत के मुखिया योगेंद्र चौधरी,पैक्स अध्यक्ष गोलू तिवारी,मनरेगा पदाधिकारी आनंद,पशु चिकित्सा पदाधिकारी विष्णुशंकर सिंह,कल्याण पदाधिका-री मोहम्मद आजाद,लोहिया स्वच्छता मिशन के ब्लॉक कोऑ-र्डिनेटर मोहम्मद दानिश बीसीओ जनार्दन कुमार समेत सैकड़ों आम जनता मौजूद रहे।



# जनता के सुझावों से योजनाओं का होगा कार्यान्वन, जनसंवाद में बोले जिलाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

सरकार द्वारा प्रायोजित जन संवाद कार्यक्रम आम लोगों के समस्याओं के निदान के लिए चलाया जा रहा है तथा इसमें जनता के सुझावों को अहमियत देकर उसे जमीन पर उतारना है, अब तक जो भी विकास कार्य चल रहे हैं यह सरकार द्वारा चलाया जा रहे हैं किंतु अब स-रकारी योजनाओं में जो विकास से संबंधित हैं उनमें जनता के सुझाव को अहमियत देकर कार्य करना है। उक्त बातें जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने प्रखंड के सरैया ग्राम स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कहीं, उन्होंने कहा कि जो सरकार के रूटीन वर्क हैं वह तो चलते ही रहेंगे किंतु जनता से अपील है कि वह कुछ उचित सुझाव दें ताकि उनके सुझावों से भी बहुत सारे रुके हुए विकास कार्यों को पूरा किया जा सके। इस दौरान जिला अधिकारी ने फुलवरिया गांव से आए लोगों को राशन कार्ड व लेबर कार्ड के साथ शिक्षा के लिए दी गई राशि का चेक प्रदान किया। इसके पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित जिला पुलिस कप्तान विनीत कुमार ने पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि महिला हेल्प डेस्क के तहत महिलाओं को होने वाली परेशानियों का निपटारा किया जा रहा है तथा हरे शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन कर भूमि विवाद से संबंधित मामलों को सलटाया जा रहा है। कहा कि विवाद के बाद ही हिंसा की संभावना बनती है इसलिए पहले ही विवाद का निपटारा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस के लिए कोई उपयोगी बात अगर आपके दिमाग में हो तो जरूर सुझाव दें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्र-खंड विकास पदाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों का परिचय कराया। इस दौरान डीडीसी रोहतास शेखर आनंद ने करीब 8 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को पौधे का गमला देकर सम्मानित किया गया। वहीं जन शि-कायत के लिए अलग से बने स्टॉल पर लोगों की शिकायतें ली जा रही थी। इसके बारे में जिलाधिकारी ने कहा कि आप की तमाम शिकायते हम तक पहुंचेंगे तथा हम उसका निदान स्वयं करेंगे। मौके पर डीडीसी चंद्रशेखर आनंद, डेहरी एसडीएम अनिल कुमार सिंहा, भूमि सुधार उपसमाहर्ता एहसान अहमद, सिविल सर्जन केएन तिवारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रभारी प्र-खंड शिक्षा पदाधिकारी तिलौथू, विकास कुमार डीएन, अंचल अधिकारी कुमार भारतेंदु, प्रमुख कामता सिंह,मुखिया संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार,थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह,अमझोर थाना अध्यक्ष के-के केसरी,बिजली विभाग जेई विकास कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



# जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरैना में शनिवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिका-री ने किया। बैठक में प्रखंड सामन्वयक द्वारा खुले में शौच से मुक्ति को स्थायित्व को निरंतर बनाए रखने के लिए जन समुदाय से अपील किया गया। तथा ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधक के कार्यंनवन की जानकारी दी गई। स्वच्छता ही सेवा अभिमान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों को श्रमदान करने हेतु जागरूक किया गया तथा स्वच्छ गांव स्वच्छ पंचायत और सुंदर पंचायत बनाने हेतु प्रेरित किया गया। चिकित्सा विभाग के प्रतिनिधि द्वारा महिलाओं के पुरुषों के समय सरकारी एंबुलेंस का उपयोग जनता से करने की हेतु जानकारी दी गई।अंचलाधिकारी द्वारा यह जानका-री दी गई की रैयत जमीन का आधार व खाता जोड़ने का कार्यक्रम चल रहा है। पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई की सभी पंचायत में दो-तीन सप्ताह के अंदर सोलर लाइट लगाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा हो रहा है प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विद्यालयों में शिक्षक समय से उपस्थित नहीं रहते हैं तो आप शि-कायत कर सकते हैं बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने हेतु जनता से अपील किया गया वहीं बैठक में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ऑफिस जाने पर पदाधिका-री उपस्थित नहीं रहते हैं जिसके चलते बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी प्रखंड संख्या की पदाधिकारी बीसीएम जीविका एवं सैकड़ो ग्रामीण जनता उपस्थित थे।



# जन संवाद कार्यक्रम में अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत शनिवार को समरडिहां ग्राम पंचायत के मर्दन राय के पिपरा गांव में स्थित पंचायत भवन पर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्र-खंड विकास पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं आवश्यक आवश्यकताओं का लाभ ससमय और पारदर्शी तरीके से पहुंचने के लिए सरकार प्रयासरत है। विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने तथा उनकी प्रतिक्रिया और सुझाव जानने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।जन संवाद कार्यक्रम में शामिल अधिकारियों से ग्रामीणों ने कई सवाल पूछे तथा शिक्षा, पेयजल और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रही परेशानियों को दूर करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस संबध में सभी संबंधित विभाग अंचलाधिकारी, मनरेगा पीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी , सीडीपीओ, आपूर्ति पदाधिकारी, जेई, आवास सहायक, प्र-खंड समन्वयक सहित कई अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल अंचलाधिकारी राकेश शर्मा, आपूर्ति पदाधिकारी श्री राम मिश्रा,सीडीपीओ रूबी कुमारी, प्रखंड समन्वयक अशोक कुमार सिंह,पैक्स अध्यक्ष अवध बिहारी राय,वीरेंद्र लाल,सोनू कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल थे।



# प्रधानाचार्यों के साथ कुलपति की पहली बैठक में अनुपस्थित हुए

**आठ संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से कारणपृच्छा**

**यह एक अत्यंत ही गंभीर मामला है, जो लापरवाही को दशार्ता है:कुलसचिव**

**जवाब आने के बाद होगी अग्रेत्तर कार्रवाईः डा. सुधांशु शेखर**

**मधेपुरा समाज जागरण**

22 सितम्बर (शुक्रवार) को कुलपति प्रो.(डॉ.) राजनाथ यादव की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय केन्द्रीय पुस्तकालय में आयोजित सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक में अनुपस्थित पाए गए 8 प्रधानाचार्यों/प्रभारी प्रधानाचार्यों से कारणपृच्छा की गई है। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर के हस्ताक्षर से पत्र जारी कर कहा गया है कि यह एक अत्यंत ही गंभीर मामला है, जो लापरवाही को दशार्ता है। अतः पत्र प्राप्ति के 03 (तीन) दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण कुलसचिव कार्यालय में समर्पित करें। उन्होंने बताया कि जिन महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से कारणपृच्छा की गई है उनमें के. बी. वीमेन्स कॉलेज, मधेपुरा, एस. ए. के. एन. डिग्री




कॉलेज, मधेपुरा, बी. एस. आर. के. कॉलेज, सिंहेश्वर, मधेपुरा, देव नन्दनी डिग्री कॉलेज, बखरी-मधेपुरा, राम खेलावन झरीलाल डिग्री कॉलेज, खुरहान-मधेपुरा, ए. एल. वाई. कॉलेज, त्रिवेणीगंज- सुपौल, इवनिंग कॉलेज, सहरसा एवं एल. सी. कॉलेज, पस्तवार-महिषि-सहरसा के प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य शामिल हैं। इन सबों को जवाब आने के बाद होगी अग्रेत्तर कार्रवाई

उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कारणपृच्छा का जवाब आने के बाद उसे समेकित रूप से कुलपति के समक्ष उपस्थापित किया जाएगा। तदुपरांत आदेशानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रधानाचार्यों के साथ कुलपति की पहली बैठक थी। उस बैठक में कुलपति ने विशेष रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में राजभवन, पटना के आदेशानुसार विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर लागू सीबीसीएस पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक निदेश दिया है। इसके अलावा सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं सीबीसीएस पाठ्यक्रम को केंद्र में रखकर कार्यशाला-सेमिनार आयोजित करने का निदेश दिया गया है।

# भू ना मंडल विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.अनिल कुमार ने किया मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा का इंस्पेक्शन

***वर्षा के दिन भी महाविद्यालय में छात्र-छात्राएं वर्ग में मिले उपस्थित***

***उपस्थिति पंजी, वर्ग कक्ष,रूटिंग तालिका,वितीय संबंधी पंजी का भी किया अवलोकन, हुए संतुष्ट***

**मधेपुरा समाज जागरण**

विश्वविद्यालय द्वारा जांच एवं निरीक्षण के लिए उच्च शिक्षा विभाग बिहार सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा महाविद्यालय पहुंचकर वर्ग कक्ष, शिक्षकों की उपस्थिति पंजी कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया।साथ ही वर्ग संचालन एवं रूटिंग को देखकर उन्होंने आश्चर्य प्रकट किया कि इस वर्ष की सबसे भारी वर्षा के दिन भी




महाविद्यालय में छात्र-छात्राएं वर्ग में उपस्थित हैं। यह शिक्षा जगत के लिए शुभ संकेत है । लगता है कि महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों ने संकल्पित हो लिया है की प्रकृति अपना कार्य करेगी, हम लोग अपना कार्य यथा अध्यापन जारी रखेंगे। डायरेक्टर अनिल कुमार ने वित्तीय शाखा के वित्तीय संबंधी पंजी का भी अवलोकन किया एवं संतोष जाहिर किया। ज्ञात हो कि दिनांक 21 सितंबर 2023 को बिहार सरकार के अंकेक्षण विभाग द्वारा सभी खताओं का एवं कैश बुक का अंकेक्षण किया एवं संतोष प्रकट करते हुए उन्होंने अपनी बेहतर टिप्पणी प्रदान की है। निरीक्षण में सहयोग डॉक्टर भगवान कुमार मिश्रा नेक कोऑर्डिनेटर श्री शाहिद आनंद सचिव परीक्षा नियंत्रण गजेंद्र प्रसाद यादव राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक मंटू कुमार सहायक रंजीत कुमार इजहार शहाबुद्दीन आदि ने भरपूर सहयोग किया।

# गंदे कीचड़ पानी में चलने पर मजबूर लैलोखर के वार्ड वासी, गुस्सा आया सामने

कुसाकांटा ।

कुसाकांटा प्रखंड के लैलोखर पंचायत वार्ड संख्या 13 में ग्रामीण कीचड़ पानी में चलने पर मजबूर हो रहे हैं, इसको लेकर वार्ड सदस्य के खिलाफ ग्रामीणों ने गुस्सा का इजहार किया, जानकारी देते वार्ड संख्या 13 के लईकुज्जमा ने बताया कि पंचायत सरकार भवन से लगभग 100 मीटर दक्षिण ताहिर हुसैन के घर तक ग्रामीण सड़क में आए दिन जलजमाव का समस्या बना रहता है, सड़क से लगभग 3 फिट ऊपर नाला का निर्माण हुआ है जिस कारण सड़क का पानी नाले में प्रवेश नहीं हो पा रहा है,जिससे आवागमन में लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है, सुबह सुबह स्कूल जाते छोटे छोटे बच्चे इसी गंदे पानी से स्कूल जाने पर मजबूर हैं लोग पानी के बजाए नाले के ऊपर से अपना अपना रास्ता बनाया है जिससे आवागमन करते हैं, याद रहे कि पिछले पंचवर्षीय में पूर्व मुखिया सफीउद्दीन द्वारा इस सड़क का



निर्माण किया गया था जिसमे बेहद अनियमितता बरती गई सड़क की हालत भी खराब है । वार्ड 13 के वार्ड सदस्य अबु तालिब द्वारा जब नाले का निर्माण किया जा रहा था तभी ग्रामीणों ने पूछा सड़क से ऊपर नाले का निर्माण होगा तो सड़क का पानी नाले में कैसे प्रवेश करेगा, तभी वार्ड सदस्य अबु तालिब ने कहा था कि फिलहाल बन रहा है बनने दीजिए आने वाले वर्ष में सड़क पर मिट्टी डाल कर पुनः सड़क का निर्माण किया जाएगा जिससे सड़क नाले का बराबर हो जाएगा , लेकिन 4 साल बीतने के बावजूद अभी सड़क की दशा दिशा नहीं बदला, जलजमाव की समस्या को झेल रहे ग्रामीण मोहम्मद आजम, मोहम्मद मेराजुल, ताहिर हुसैन , लईकुज्जमा, बलेगुल रहमान , महोम्मद शफीक , मोहम्मद सेराज , मुश्ताक, मोहम्मद शहादत, मोहम्मद अबसर, अफलाक, मोहम्मद मुजाहिदुल इस्लाम, मोहम्मद जमीर अली, ने वार्ड सदस्य अबु तालिब के खिलाफ प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर किया।

# चकई में अयोजित जन संवाद कार्यक्रम में डीएम ने की कई मामलों/शिकायतों का ऑन द स्पॉट निपटारा

**जोकीहाट समाज जागरण**

प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग एवं सचिव, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना तथा जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान के दिशा निर्देश के आलोक में बिहार सरकार के द्वारा आधारभूत संरचना के निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सुधार के कार्यक्रमों के साथ-साथ लोक कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा जन समस्याओं की जमीनी जानकारी एवं निदान के लिए जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जोकीहाट प्रखंड के चकई पंचायत के ग्राम पंचायत भवन में जिला पदाधिकारी अररिया, श्रीमती इनायत खान की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार, अपर समाहर्ता श्री राज मोहन झा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन सहित स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों तक पहुंचने और उनकी समस्या जानने का जन संवाद एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आप सभी के साथ संवाद स्थापित करना, सुझाव प्राप्त करना, समस्याओं का समाधान करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश है। इस दौरान जिलाधिकारी ने लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जन संवाद के क्रम में उपस्थित लोगों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष अपने कई सुझाव एवं शिकायत भी रखें। इस क्रम में नईम आलम ने कहा कि टीकारण कहाँ करना है, और मिट्टी जाँच के लिए कहाँ देना है। मो0 मोजउद्दीन ने कहा वार्ड दस में सड़क जर्जर हो गया है जिसे नये सिरे बनाया जाना आवश्यक है। पंचयत के एक वार्ड में नल-जल में आवश्यक सुधार की बात कहीं गई। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आम जनों को सरकार के महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए योजनाओं की क्रियान्वयन संबंधी उनके फीडबैक एवं सुझाव भी प्राप्त किये। कई मामलों/शिकायतों का ऑन द स्पॉट निपटारा भी किया गया। उप विकास आयुक्त अररिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत छूटे हुए योग्य लाभुकों को इसका लाभ प्राप्त करने, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं पंचायत में मनरेगा के तहत कराये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। अपर समाहर्ता, अररिया द्वारा जमाबंदी एवं जमाबंदी सुधार को लेकर उपस्थित आमजनों को इसकी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सिविल सर्जन, अररिया द्वारा पूर्ण टीकाकरण, टेली कंसलटेंट, एनएससी जांच, संस्थागत प्रसव सहित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी, अररिया द्वारा बीज उत्पादकता पर बल देते हुए उन्नत किस्म के बीज का प्रयोग करने सहित कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी से उपस्थित किसानों को अवगत कराया गया। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, अररिया द्वारा मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना आदि लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार प्रबंधक डीआरसीसी, सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा, जीविका डीपीएम, जिला प्रबंधक, एलएसबीए, सहायक निदेशक अल्पसंख्या कल्याण, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी आपदा, डीपीएम शिक्षा, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित उपस्थित संबंधित पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने विभागों से चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी से आम जनों को अवगत कराया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी जोकीहाट एवं अंचल अधिकारी सहित बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का प्रथम एवं द्वितीय चरण का ड्रॉ संपन्न, पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ियों खेल प्रेमियों स्कूल एवं क्लबों के प्रतिनिधियों ने पनोरमा स्पोर्ट्स ड्रॉ में लिए भाग

***29 सितम्बर से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में रिकॉर्ड खिलाड़ियों के साथ होने जा रहा है खेल***

***पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के उद्घाटन समारोह में 10+2 विद्यालय के खिलाड़ियों के साथ होगी ओपनिंग***

***उद्घाटन समारोह में बालक एवं बालिका वर्ग में बैडमिंटन , बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल खेल होगी आयोजित***

***29 एवं 30 सितंबर के लिए बना दी गई है टाईसीट***

**पूणिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**
**समाज जागरण**

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की शुरूआत दिनांक 29 सितम्बर 2023 से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। छः: चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय चरण का ड्रा पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित की गई। ड्रा के माध्यम से बालक एवं बालिका वर्ग में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का टाईसीट बनाई गई।

पूणिया जिला के जाने-माने पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ी, खेल प्रेमी, रजिस्टर स्कूल एवं विभिन्न क्लबों के प्राचार्य, टीम मैनेजर एवं कप्तानों की उपस्थिति में ड्रॉ संपन्न हुई।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने बताया कि उद्घाटन समारोह अपराह्न 3:00 बजे




से प्रारंभ होगी। दिनांक 30 सितंबर से बैडमिंटन,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में प्रत्येक दिन सुबह 8:00 से 10:00 तक एवं फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता जिला स्कूल एकलव्य खेल मैदान में सुबह 8:00 से संध्या 4:00 बजे तक खेली जाएगी। समय की आवश्यकता को देखते हुए दिवा-रात्रि मैच भी आयोजित की जा सकती है।

1.बैडमिंटनः- 29-30 सितंबर एवं 01- 05 अक्टूबर।
2.बास्केटबॉलः- 29- 30 सितंबर।
3.वॉलीबॉलः-29- 30 सितंबर एवं 01- 02 अक्टूबर।
4.शतरंज :- 01-06 अक्टूबर।
5.टेबल टेनिसः- 07 - 08 अक्टूबर।
6. फुटबॉलः- 04-05 अक्टूबर।
क्रिकेटः- 05-19 अक्टूबर प्रथम एवं द्वितीय चरण के खेला जाएगा

29 एवं 30 सितंबर के टाईसीट बना दी गई है। मौसम पूवार्नुमान को देखते हुए शेष सभी खेलों के टाईसीट उद्घाटन समारोह में सभी रजिस्टर स्कूल एवं क्लबों की टीम को दी जाएगी।

ड्रॉ के अवसर पर उपस्थित आयोजन समिति सदस्य श्री मिथिलेश राय, श्री सुनील सुमन, पुलिस इंस्पेक्टर व खेल प्रेमी श्री वैदिक पाठक, श्री मती स्वाति वैश्यंत्री, सेंट पीटर्स स्कूल हिंदी मीडियम के प्राचार्ज सिस्टर बंदिता , सेंट मोसेस के प्राचार्य सिस्टर नितीशा, फुटबॉल सचिव श्री अजीत सिंह, पूणिया जिला के जाने-माने पूर्व खिलाड़ी मो नैयर अली, अब्बू आलम, एस एस चटर्जी (नटू दा), स्वरूप कुमार दास, मो मंजर मोहशिम, एस एस सिंह (गुड्डू), एस एस प्रसाद (पिंटू) जितेन्द्र कुमार सिन्हा (गोपी) , बिमल मुकेश, राजीव कुमार, मनीष कुमार झा, राजेश प्रसाद साह, टोहीन घोष, फादर अजय , अमृत साजन, पुनित कुमार सिंह, सन्नी राज के साथ - साथ बड़ी संख्या में स्कूल एवं क्लबों कप्तान उपस्थित थे।

# "मेरी माटी मेरा देश" आभियान के तहत सीमान्त के प्रत्येक घर से एस एस बी ले रहे चुटकी भर मिट्टी/चावल

***कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा ले रहे हैं बढ़ चढ़ कर हिस्सा तथा बल की की जा रही है सराहना***

**सिकटी समाज जागरण**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में दिनांक 01.09.2023 से 30.09.2023 तक "आजादी का अमृत महोत्सव" विषय के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" आभियान के तहत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे सीमान्त के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी/चावल एकत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 23.09.2023 को उप निरीक्षक बजीर सेन, समवाय प्रभारी आमबाड़ी



की अगुवाई में सीमा चौकी सीमाचौकी आमबाड़ी के कर्तव्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बारामसिया इस्तमार, बलुवा और बरदबट्टा आदि गांवों में कलश यात्रा निकाली गई और प्रत्येक घर से मिट्टी/चावल कलश में एकत्रित की गई। इस कार्यक्रम को स्थानीय लोगों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है तथा बल की सराहना की जा रही है ।

# जे एन यू और दिल्ली विश्वविद्यालय सा नजारा दिख रहा यू भी के कॉलेज कड़ामा में

**वर्ग में उमड़ी छात्र छात्राओं की भीड़,प्रायोगिक कक्षा में चल रहे प्रैक्टिकल कार्य**

**शिक्षक गण स्मार्ट क्लासेज से दे रहें हैं ज्ञान,अभिभावकों में प्रसन्नता व्याप्त**

**छात्र छात्राओं ने सांसद से किया मांग कि एक/ दो बस दें कॉलेज को हम विलंब तक पुस्तकालय का लाभ ले सकें**

**कड़ामा समाज जागरण**

चित्रण है बिहार के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित यू भी के कॉलेज कड़ामा का। यह महाविद्यालय भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के आधीन संचालित वित्त संपोषित श्रेणी का है जिसे सप्ताह पूर्व नेक द्वारा अच्छा ग्रेड भी प्राप्त है।70 प्रतिशत छात्राएं ग्रामीण क्षेत्र रहने के कारण अध्ययनरत पाई गई है। पिछड़े एवम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बावजूद हजारों छात्र/छात्रा नियमित वर्ग आते हैं। कुछ छात्र छात्राओं ने बताया कि उन्हें नाव पार कर आना पड़ता है। महाविद्यालय के शैक्षिक गुणवत्ता के




संबंध में छात्रा खुशबू, डेजी, अन्नू, अनीता, रुकसाना, सोमिया, नुर्जहा, डिम्पल, अनिल कुमार, इरसाद आलम, इम्तियाज अंजुम आदि ने बताया कि हमारे महाविद्यालय में जे एन यू एवम दिल्ली विश्वविद्यालय जैसी शिक्षा दीक्षा है। थ्योरी, प्रैक्टिकल, फिल्ड विजिट, ई लाइब्रेरी के साथ स्मार्ट क्लासेज के द्वारा भी शिक्षा दी जाती है। कंप्यूटर क्लासेज भी नियमित होता है। भर दिन कॉलेज का बड़ा जेनरेटर चलता है। बिजली की कमी तथा कम वोल्टेज के कारण जेनरेटर सुविधा उपल्ब्ध कराए जाते हैं। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य वर्ग कक्ष का निरंतर निरीक्षण कर हर छात्र छात्राओं का खयाल रखते हैं। शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड एवम छात्रवृति का लाभ मिलता है। अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग के छात्र छात्राओं को आर्थिक समस्या नही रहे, इसका बहुत खयाल रखते हैं। हमारी स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र यादव से मांग है कि एक/ दो कॉलेज बस हम छात्र छात्राओं को उपल्ब्ध करा दिया जाता तो हम विलंब तक पुस्तकालय का लाभ ले पाते।

कमोवेश परिसर में छात्र छात्राओं की उपस्थिति एवं पढ़ाई इस महाविद्यालय के लिए चर्चा का विषय बना है।

# महिला आरक्षण बिल के नाम पर धोखा, महिलाओं को एक झुनझुना थमाया गया :मंजर खान

***इस तरह के आरक्षण से टाटा, बिरला, अडानी, अंबानी जैसे धन कुबेर के परिवार की महिला के लिए लोकसभा में सीट आरक्षित किया गया है***

***महिला आरक्षण बिल को आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में ही लागू करना चाहिए था लेकिन बिल का प्रभाव 2029 में लोकसभा क्षेत्र के नए परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा***

**अररिया समाज जागरण**

भारत के संसद में महिला आरक्षण बिल जो पेश किया गया वह महिलाओं को एक झुनझुना थमाया गया राष्ट्रीय जनता दल के प्रचंड नेता सह युवा सम्राट जनाब मंजर खान ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में महिलाओं को आरक्षण मिले इसका समर्थन राष्ट्रीय जनता दल हमेशा से करते आया है और महिलाओं को यह अधिकार मिले इसकी लड़ाई सदन से लेकर सड़क तक लड़ने का



काम किया है लेकिन जिस तरह से महिला आरक्षण बिल गुपचुप तरीके से लाया गया जिसमें की अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के आरक्षण को दरकिनार किया गया यह असंवैधानिक है साथ ही साथ महिला आरक्षण बिल पेश करते वक्त प्रधानमंत्री ने एक बार फिर से महिलाओं को ठगने का काम किया अगर महिला आरक्षण बिल से भारत के महिलाओं को शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से पेश किया गया है तो तो इसे आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में ही लागू करना चाहिए था लेकिन इस महिला आरक्षण बिल का प्रभाव 2029 में लोकसभा क्षेत्र के नए परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री महिलाओं के साथ मजाक किया है एवं छल करने का काम किया है एक बार फिर से देशवासियों के सामने जुमला पेश किया गया इस तरह के आरक्षण से टाटा, बिरला, अडानी, अंबानी जैसे धन कुबेर के परिवार की महिला के लिए लोकसभा में सीट आरक्षित किया गया है। जब बिहार में पूर्व से ही पंचायत एवं नगर के चुनाव में पचास प्रतिशत, सरकारी नौकरीयों के साथ शिक्षण संस्था तेतीस प्रतिशत आरक्षण लागू है अगर प्रधानमंत्री महिलाओं के हक अधिकार की आवाज संसद में रखा जाए तो इस आरक्षण में समाज शोषित बंचित वर्ग के महिलाओं को आरक्षण सुनिशचित करना होगा उनकी भागीदारी को बढ़ाना होगा।

# प्रधानाचार्यों ने किया कुलपति का स्वागत रूटीन के अनुरूप नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाएः कुलपति

**मधेपुरा समाज जागरण**

भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव का स्वागत किया है। कुलपति ने सभी प्रधानाचार्यों को निदेश दिया कि रूटीन के अनुरूप नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

सभी प्रधानाचार्यों ने आशा व्यक्त किया कि इनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय, देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों के बीच अपना स्थान बनाने में कामयाब होगा।



इस अवसर पर अवसर पर ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव, पार्वती विज्ञान महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार, बीएनएमभी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा के डॉ. अरविन्द कुमार, आरजेएम कॉलेज, सहरसा के प्रो. (डॉ.) राजीव सिन्हा, एमएलटी कॉलेज, सहरसा के प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, एलएमएस कॉलेज, वीरपुर के प्रो. (डॉ.) डी. एन. साह, एचपीएस कॉलेज, निर्मली के प्रो. (डॉ.) उमाशंकर चौधरी, केपी कॉलेज, मुरलीगंज के डॉ. जवाहर पासवान, मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा के डॉ. अशोक कुमार, यूभीके कॉलेज, कड़ामा के डॉ. माधवेन्द्र झा, डॉ. सुमन कुमार झा, डा. उपेन्द्र पंडित, डॉ. अरुण कुमार चौधरी, डॉ. सत्यजीत यादव, डॉ. अमरनाथ चौधरी, डॉ संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# बिहार प्रदेश अनुदानित महाविद्यालय प्रधानाचार्य महासंघ के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने किया कुलपति को सम्मानित

**मधेपुरा समाज जागरण**

शुक्रवार दिनांक 22 सितंबर 2023 को भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा के माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर राजनाथ यादव को श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के माननीय वीसी सह मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के संस्थापक



प्रधानाचार्य सह बिहार प्रदेश अनुदानित महाविद्यालय प्रधानाचार्य महासंघ के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें अपनी धरती पर उनका स्वागत एवम अभिनंदन किया।

# टी पी कॉलेज के मैथमेटिक्स डिपार्टमेंट में दीक्षारंभ 26 सितंबर को

**मधेपुरा समाज जागरण**

ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के गणित विभाग में शनिवार) को होने वाला दीक्षारंभ (सत्रारंभ) समारोह की तिथि भारी बारिश के कारण बढ़ा दी गई है। अब यह कार्यक्रम 26 सितंबर (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से आयोजित किया जाएगा।





विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में सभी नामांकित विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें विद्यार्थियों को सीबीसीएस पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा वर्ग तालिका आदि उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह, अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अर्थपाल डॉ. मिथलेश कुमार अरिमर्दन तथा विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर होंगे।

# मो. इम्तियाज हत्याकांड के आरोपी राकेश व तनवीर गिरफ्तार,पुलिस कर रही आगे की कार्यवाही

***ग्रामीणों में आक्रोश व अपराधियों में भय का माहौल***

**अररिया समाज जागरण**

ग्राम शरणपुर दभड़ा में ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत 06/09/2023 को हुई घटना के बाद, एक युवक, मो0 इम्तियाज, की मौके पर बर्बर हत्या की गई थी।मृतक के पिता, मो0 सोमताज, ने कांड के बारे में दर्ज किये गए रिपोर्ट में बताया कि इम्तियाज के साथ दो युवक, राकेश मिश्रा और मो0 तनवीर, ने शराब और गांजा के नशे में बैठकर विवाद किया था। इस विवाद के बाद, राकेश मिश्रा ने इम्तियाज को दबिया से मार दी, जबकि मो0 तनवीर ने उसका गला रेत दिया। इसके बाद, उन्होंने इम्तियाज के मोबाइल और पैसे लूट लिए और फिर फरार हो गए।



ताराबाड़ी पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए राकेश मिश्रा और मो0 तनवीर को गिरफ्तार किया है और उनके द्वारा किए गए अपराध की स्वीकारोक्ति बयान लिया है। मामले के तहत जवाबी कार्रवाई की जा रही है और ताराबाड़ी पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दबिया बरामद किया है। इस मामले के अध्ययन के बाद और जानकारी के संग्रहण के बाद, पुलिस कांड के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# 1800 ग्राम गांजा के साथ रंगे हाथ एक तस्कर गिरफ्तार ,330 बोतल शराब बरामद

**अररिया समाज जागरण**

जिले के दो अलग अलग थाना से एक शराब तस्कर एवम गांजा स्प्लायर को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंआरी ओ0पी0 पुलिस द्वारा एक तस्कर को 1800 ग्राम गांजा के साथ रंगे हाथ




गिरफ्तार किया तो घूरना ओ0पी0 पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 330 बोतल प्रत्येक 300 एम एल नेपाली शराब के साथ एक शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार और उसे न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

## भाजपा नेता एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने माता रानी के चरणों में मत्था टेका

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

चौकियां धाम, जौनपुर। समाजसेवी/भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने शनिवार को अपने जन्मदिन पर मां शीतला चौकियां धाम में मत्था टेका। साथ ही



आगामी माह में नगर के बीआरपी कालेज के मैदान पर होने वाले श्रीराम कथा का निमंत्रण पत्र माता रानी के चरणों में समर्पित किया। इसी क्रम में मंदिर के बगल में बने गणेश महोत्सव पंडाल में आरती पूजन में शामिल हुये। साथ ही चौकियां धाम में होने वाले श्री हनुमत कथा के मुख्य आयोजनकर्ता विनय त्रिपाठी ने माता रानी की चुनरी माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्री सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए आयोजक विनय त्रिपाठी ने बताया कि शीतला चौकियां धाम में आगामी 6 अक्तूबर से होने वाली 5 दिवसीय हनुमत कथा में देश प्रदेश के प्रमुख महामंडलेश्वर, शंकराचार्य, साधु, संत, महंत का आगमन धाम में होने जा रहा है। कथा के मुख्य संयोजक यजमान अमित गुप्ता व मुख्य यजमान ज्ञान प्रकाश सिंह रहेंगे। इस मौके पर आनन्द त्रिपाठी, आशीष माली, संजय माली (कोषाध्यक्ष), अनिल सोनकर (उपाध्यक्ष), पप्पू त्रिपाठी, निराले गिरी, अनिल साहू, बसंत माली, अजय पंडा (मन्दिर प्रबंधक), लड्डू त्रिपाठी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## चिलकहर चाकू कांड के पीड़ित परिवार से मिल विधायक ने व्यक्ति की संवेदना, दिए 2 लाख की सहायता राशि।

**समाज जागरण आशु खरवार**

खबर बलिया जनपद के रसड़ा विधानसभा क्षेत्र के चिलकहर से है जहां सुदीप हत्याकांड में शुक्रवार के दोपहर क्षेत्रीय विधायक उमाशंकर सिंह ने परिवारजनो से मिले और मृतक के परिवार से अपनी संबेदना ब्यक्त किऐ साथ ही मृतक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। क्षेत्रीय विधायक ने बताया



की चाकू से घायल हूऐ बिकाश का उपचार हो रहा है। मैं घायल युवक से मिला उसके सेहत में निरंतर सुधार हो रहा है। विधायक ने कहां की घायल युवक के उपचार के लिऐ जो भी खर्च लगेगा उसको हमको देना है। मृतक की पत्नी शरीता देवी को दो लाख रुपए का विधायक ने आर्थिक सहायता राशि दिया। व.संबिदा पे रसडा.नगर पालिका में पत्नी को नौकरी देने के लिऐ भरोसा दिलाया। व मृतक सुदिप के बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा भी लिया। और आगे भी प्रीत परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस मौके SDM सदानन्द सरोज, CO मोहम्मद फहिम कुरैसी, नगरपालिका चेयरमैन बिनय जयसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रभाकर राव, सतिष सिंह, सुदामा भारती, रामनाथ व्यापारी, नन्दलाल भारती, अनिल राव, मनिष सिंह दादा, पिंकी सिंह, बब्लू सिंह, संतोष पांडेय, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## जालौन कोतवाली पुलिस, एस ओजी, सर्विलांस टीम ने दबोचा इनायियां बदमाश

उरई(जालौन)। थाना कोतवाली जालौन पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा 25,000 रू0/- के इनामिया अपराधी जसविंदर उर्फ



जस्सी पुत्र गुरुचरन सिंह निवासी माजपाटी खडनी थाना सौरिख जिला कन्नौज को एक अदद अवैध तमन्चा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## राधा कृष्ण मंदिर पर कुसमिलिया में किसानों की खुली मीटिंग में ठोस निर्णय लेने पर बनी सहमति

उरई(जालौन)।आज 23 सितंबर ग्राम कुसमिलिया में सुबह 7ःबजे राधा कृष्ण मंदिर पर किसानों ने की खुली मीटिंग जिसमें ग्राम डकोर से सैकड़ो किसान व ग्राम टिमरों से सैकड़ो किसान व कुसमिलिया से अधिकतर किसान एकत्रित हुए जिसमें किसानों ने वार्ता कर ठोस निर्णय लिया हम अपनी जमीन जो उपजाऊ जमीन है जिसमें गेहूं मटर आदि जींस पैदा होते हैं इस



जमीन को कॉरिडोर में इतने कम सर्किल रेट में नहीं देंगे हमारे पास सिर्फ जमीन ही है जिससे हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर परिवार का भरण पोषण करते हैं चाहे जो हो जाए हम तीन गांव डकोर कुसमिलिया टिमरों इतने कम दामों में अपनी जमीन नहीं देंगे हम सरकार को बताना चाहते हैं कि हमारी जमीन बहुत उपजाऊ है जिसका सर्किल रेट कई वर्षों से बढ़ाया नहीं गया है हम सभी किसान विकास कार्यों में बाधक नहीं है हम सब किसान अपना बाजिब सर्किल रेट पर अपनी जमीन दे सकते हैं इस मीटिंग में लगभग डेढ़ सौ किस एकत्रित हुए और जिसमें किसानों के अध्यक्ष कुसमिलिया ग्राम से प्रमोद राजपूत पहलवान व संरक्षक हरकिशोर राजपूत बनाए गए सभी ग्रामीणों ने एक राय एक स्वर में कहा की इतने कम सर्किल रेट पर हम अपनी जमीन नहीं देंगे ग्रामीणों में जितेंद्र राजपूत पवन राजपूत देवेंद्र राजपूत मोहन राजपूत व सैकड़ो किसान व भूमि बचाओ संरक्षण समिति के संरक्षक देव सिंह यादव व अध्यक्ष उपेंद्र सिंह यादव दादा एवम सदस्य गणो ने भी जल्दी से जल्दी जिलाधिकारी महोदय जालौन को ज्ञापन देने की सहमति जताई।

## जिलाधिकारी ने समन्वय संचारी अभियान की बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय समन्वय संचारी अभियान की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु संचारी रोग नियंत्रण अभियान 3 से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान 16 से 31 अक्टूबर तक संपादित की जाएगी। इसके अंतर्गत माह अक्टूबर 2023 में संचालित किए जाने वाले दस्तक अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रत्येक मकान पर क्षय रोग के संभावित रोगियों के विषय में जानकारी प्राप्त करेंगे। इसी के साथ यह कार्यकर्ता जनपद में प्रत्येक मकान पर कुष्ठ रोग तथा फाइलेरिया एवं काला अजार रोगों के प्रति संवेदीकरण का कार्य संपादित करेंगे। इसी के साथ वे बुखार के रोगियों की सूची, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं काला अजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची कुपोषित बच्चों की सूची और क्षेत्रवार ऐसे मकानों



की सूची जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो, निर्धारित प्रपत्र पर फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा तैयार कर उपलब्ध कराई जाए तथा अंतर विभागीय सहयोग के साथ ही वेक्टर नियंत्रण तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यो एवं दायित्वों का निर्धारण कर दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, बाल विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पूविवि में अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह का होगा आयोजन

### *29 सितम्बर से 4 अक्तूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम : कुलपति*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

सिद्दीकपुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर गाँधी रिसर्च फाउंडेशन जलगांव की अपेक्षा के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 2 अक्टूबर को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस भी मनाया जायेगा। कुलपति प्रो. वन्दना सिंह ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने हेतु जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र को नोडल अधिकारी नामित किया है। 29 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक विवि में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। 29 सितम्बर से कार्यक्रमों का शुभारम्भ गाँधी वाटिका से होगा। अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, सामाजिक सद्भाव पर रंगोली प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता, अहिंसा, अनेकता में एकता, सामाजिक




सद्भाव कविता एवं शांति पर गीत प्रतियोगिता, नशा मुक्ति के लिए जागरूकता कार्यक्रम, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम एवं महात्मा गाँधी पर फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा। 2 अक्टूबर को संगोष्ठी भवन में विवि स्थापना दिवस समारोह के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। आयोजन हेतु कुलपति ने समिति गठित की है जिसमें डॉ. नितेश जायसवाल एवं डॉ. श्याम कन्हैया सिंह को सह नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही समिति में डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, सुनील कुमार, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. अन्नू त्यागी, शशिकांत यादव, डॉ. राहुल राय, डॉ. अंकित सिंह, डॉ. अवधेश मौर्य एवं पंकज सिंह को शामिल किया गया है।

## कांग्रेस पार्टी के विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में चिलकहर पहुँचकर पीड़ित परिवार से मिला प्रतिनिधि मंडल।

**समाज जागरण आशु खरवार**

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी जी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी के निदेशानुसार आज कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधि मंडल बलिया जनपद के चिलकहर पहुँचकर पीड़ित परिवार से मिला।

चाकू कांड में मृतक स्व० सुदीप राम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और पीड़ित परिवारजनों से मुलाकात किए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा सहित न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।



वही विधानसभा रसड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ ओम लता ने मृतक युवक की माता और उनकी पत्नी के आंसू पोंछे और उन्हें हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

डॉ ओम लता नाम मौजूदा कानून व्यवस्था पर सवाल भी उठाएं।

वही जनपद मऊ की महिला प्रवक्ता ने सरकार पर सवाल उठाए आइए सुनते हैं क्या कुछ कहा कांग्रेस जनों ने।

## डीएम द्वारा नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षात्मक जालौन के ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी बनाने हेतु चिंतन शिविर की समीक्षा में अधिकारियों को दिये गए दिशा निर्देश

उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षात्मक विकासखंड जालौन के ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी बनाने हेतु चिंतन शिविर का विकासखंड जालौन में आयोजन हुआ। जनपद की विकास की दौड़ में पीछे रह गए आकांक्षी ब्लाक जालौन को बराबरी पर लाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना चल रही है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस शिविर में नीति आयोग के पांच थीम्स स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, पेयजल एवं स्वच्छता, आधारभूत संरचना और सामाजिक विकास, 09 सेक्टर और 39 इंडिकेटर में काम किया जाना है। उस पर अधिकारी विशेष रूप से फोकस करते हुए चिंतन एवं समीक्षा करें। इसके साथ ही उक्त पैरामीटर के तहत यथाशीघ्र सुधार को लेकर ब्लॉक स्तरीय रूपरेखा तैयार की जाए जिससे कि ब्लॉकों को नीति आयोग के पिछड़े मानदंडों से बाहर निकाला जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों का एक मास्टर प्लान बनाते हुए समुचित रूप से ससमय कार्य निष्पादन किया जाए जिससे कि राज्य एवं केंद्र स्तर पर आकांक्षी ब्लॉक का प्रदर्शन बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि



जनप्रतिनिधियों के भी जो सुझाव मिले उसे प्राथमिकता पर लेते हुए कार्य करें।

मुख्य विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय ने चिंतन सेवा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताए, साथ ही निर्देशित किया कि आज इस शिवर में जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन करते हुए सभी इंडिकेटर में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएंगे। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक आदि अधिकारियों द्वारा विकासखंड परिसर में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन भी किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, परियोजना निदेशक शिवकांत द्विवेदी, श्रम उपायुक्त अवधेश दीक्षित, ब्लॉक प्रमुख रामराजा, खंड विकास अधिकारी सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मंगलवार को सजेगा बंदर बाबा का द्वार।।

माधौगढ़ - मंगवार को बुढ़वा मंगल है पौराणिक मान्यता है कि इस दिन बजरंगी से जो भी मन की इच्छा करता है उसकी मनोकामना जरूर पूरी होती है ऐसा ही एक पवित्र स्थान जमरेही सानी मे बंदर बाबा का है जहां पर प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु दरबार मे आकर अपनी मनोकमना रखकर बाबा से अरदास लगाते है उनकी मनोकामना पूरी होती है मंदिर के महंत ने बताया कि आज करीब 7 साल पहले यहां मात्र एक छोटा सा मंदिर था जिसमे भगवान स्वरूप एक बंदर आकर उछल कूंद करने लगा जबकि वह एक दिव्य भगवन आत्मा थी जिसको लेकर लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी देखते देखते वहाँ पर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी एक दिन बंदर की दिव्य आत्मा भगवान को प्यारी हो गयी जबकि बंदर के



महंत को सपना आया की जो भी इस मंदिर मे आकर मनोकामना रखेगा उसकी मनोकमना पूर्ण होगी देखते देखते मंदिर मे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी वर्तमान में मंदिर का भव्य स्वरूप बंदर बाबा के नाम से विख्यात है।

## भू–स्वामियों ने चकमार्ग के पटरियों को किया क्षतिग्रस्त

### *ग्रामीणों ने चकमार्ग पर प्रदर्शन कर विरोध जताया, प्रशासन को सौंपा पत्रक*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

केराकत, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के छितौना गांव में शनिवार को प्रधान प्रतिनिधि फौजी सुबास यादव के नेतृत्व में भारी संख्या में ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त हुए चकमार्ग पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताया। साथ ही सड़क मरम्मत के लिए थाना दिवस में पत्रक सौप न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन के दक्षिण दिशा में आरसीसी रोड से मेन पिच रोड़ तक जून माह के विगत वर्ष में सरकारी धन में चकमार्ग का निर्माण कराया गया था। आज की परिस्थिति की बात करें तो चकमार्ग के दोनों साइड गांव के भू–स्वामी द्वारा ट्रैक्टर चलवाकर चकमार्ग के दोनों पटरियों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दी गई है। इसके चलते खेत की जोताई करने के लिए ग्रामीणों को मुसीबतों



का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चकमार्ग के बीचों–बीच एक भू–स्वामी द्वारा बास की कोट लगाई गई है जिसकी शिकायत कई बार की गई मगर आज तक शिकायत निस्तारण के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला है। प्रधान प्रतिनिधि फौजी सुबास यादव ने थाना संपूर्ण दिवस में पहुंचकर पत्रक सौप चकमार्ग से बास कोट हटवाते हुए चकमार्ग की स्थित पहले जैसे करवाने के निर्देशित किया जाय, ताकि जनहित में न्याय हो सके। प्रदर्शन करने वालों में सोति राम, राममूरत राम, गणेश, रामजतन, उदयराज, इसलावती देवी (बीडीसी सदस्य), हीरावती, विजय कुमार, राधे, रमेश कुमार, दीना, लक्ष्मी नरायन के साथ भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अन्त्येष्टि स्थल को आबादी के मध्य बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध, प्रशासन के विरुद्ध जमकर की गयी नारेबाजी

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

मछलीशहर, जौनपुर। स्थानीय विकास खंड अंतर्गत ग्रामसभा अदारी (डभिया) में प्रस्तावित अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण शुरू होने से पहले ही ग्रामीणों के भयंकर विरोध के कारण अधर में लटक गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण घनी आबादी से बिल्कुल सटकर किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान, बिना ग्राम पंचायत सदस्यों की सहमति और जनता को विश्वास में लिए बगैर ही उक्त अंत्येष्टि स्थल का निर्माण अपनी मर्जी से गलत स्थान पर करवाना चाह रहे हैं। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अन्त्येष्टि स्थल से संबंधित प्रस्ताव पर ग्राम पंचायत सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर और निशान अंगूठा बनाये गये हैं। प्रधान ने प्रस्ताव पर सावित्री देवी, सुधरा देवी, सती राम, मीरा पाल, अभयराज, सुनील कुमार और मंजू के फर्जी हस्ताक्षर और निशान अंगूठा लगाकर फर्जी प्रस्ताव पारित करा दिया। पूर्व प्रधान राम आसरे यादव ने बताया कि आराजी नम्बर 2 पहले से ही शमशान हेतु सुरक्षित भूमि है जिस पर निर्माण न कर कर आराजी संख्या 45 जो नवीन परती भूमि है, उस पर निर्माण कराना चाहते हैं। बीते कुछ दिनों से मौके पर सैकड़ों ग्राम वासी इकट्ठा होकर प्रशासन



के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इस संबंध में पूछने पर तहसीलदार अजीत कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के विरोध के बाद मौके पर लेखपाल को भेजकर स्थलीय जांच कराई गई जिसमें पाया गया कि मरघट हेतु सुरक्षित भूमि तक जाने के लिए कोई रास्ता या चक मार्ग मौके पर नहीं है, इसलिए वर्तमान प्रस्तावित स्थल पर ही निर्माण सम्भव है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वह किसी भी स्थिति में घनी आबादी के बीचों-बीच शमशान नहीं बनने देंगे। शासनादेश में स्पष्ट कहा गया है कि अन्त्येष्टि स्थलों का चिन्हांकन ग्राम पंचायत सचिव की सहायता से संबंधित सहायक विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा जबकि नियमों का उल्लंघन कर राजस्व कर्मचारियों द्वारा चिन्हांकन किया गया है। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने वालों में सुरेश यादव, अवध नारायण, राजेन्द्र प्रसाद, राजेश यादव, रूप नारायण यादव, रामचंद्र यादव, गणपति यादव, समला देवी, कुसुम, नीलू, आशा, सीता, बिहारी लाल, लाल बहादुर, दयाराम, अमन कुमार, दूधनाथ, अभिषेक, नवनीत, समर बहादुर, नीलम, अमरावती, सूबेदार, शकुंतला, अर्चना, रोहित, सत्यम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत सुनने उमड़े श्रद्धालु

एट (जालौन) अमर शांति आश्रम पचोखरा में चल रही भागवत कथा और श्रीराम महायज्ञ कार्यक्रम के दौरान कथा वाचक पं रोहित रिछारिया वृंदावन धाम ने कहा कि मनुष्य की एक ही ऐसी योनी है जिसके माध्यम से कठोर तप करके ठाकुर जी के दर्शन कर सकते हैं। अतः मनुष्य को नित्य प्रति भगवान का ध्यान जाप करना आवश्यक है। रिछारिया ने कहा कि कलयुग का प्रभाव जहां लोगों के लिए पाप कारी है। वहीं भगवान की प्राप्ति के लिए एक अत्यन्त सुगम रास्ता भी है। जिससे मानव सुगमता से भगवान के परम धाम को प्राप्त कर सकता है। कलयुग को ये वरदान है कि अगर कोई व्यक्ति मन से भी अगर कलयुग में अच्छा सोचता है तो उसका पुण्य उसे प्राप्त होता है वहीं इसके विपरीत मन से सोचे हुए पाप का जीवआत्मा पर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ता। कलयुग में केवल राम नाम का स्मरण मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति की



जा सकती है। कथा में प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वलि वामन का विस्तार सहित वर्णन किया। वही ब्रजेश शास्त्री मऊरानीपुर ने संध्या में भजन कीर्तन के साथ प्रवचनो का सुंदर गायन किया ततपश्चात चन्द्रभूषण पाठक ललितपुर ने चित्रकूट महिमा का सुंदर वर्णन किया। और कई भजन कीर्तन अपने मुखारबिंन से प्रवचन किए

## पेंशनर परिजनों को अवगत कराया गया है कि पेंशनर की मृत्यु होने पर कोषागार को प्रमाण पत्र सहित तुरन्त सूचित करें : वरिष्ठ कोषाधिकारी

उरई(जालौन)। वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कोषागार जालौन से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर / पेंशनरों के परिजनों को अवगत कराना है कि पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना मृत्यु प्रमाण पत्र सहित सम्बन्धित कोषागार को तत्काल प्रदान की जानी चाहियें, यह पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है। पेंशनरों के परिजनों द्वारा मृत्यु की सूचना समय पर कोषागार को न देने पर कोषागार द्वारा प्रत्येक माह पेंशन का भुगतान सम्बन्धित पेंशनर के बैंक खाते में जारी रहता है, तथा कई बार पेंशनरों के परिजनों द्वारा पेंशनर की मृत्यु उपरान्त भुगतान की गयी पेंशन की धनराशि की निकासी ए०टी०एम० / चेक द्वारा बैंक खाते से कर ली जाती है, जो कि अनाधिकृत है। ऐसे प्रकरण




संज्ञान में आने पर इसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल करने हेतु पेंशनर के सम्बन्धित परिजनों पर विधिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही जिलाधिकारी के माध्यम से अमल में लायी जा सकती है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि अपने / ऐसे परिजन जो कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे हो, की मृत्यु की सूचना तत्काल कोषागार में देने का कष्ट करें।

## मद्धेशिया समाज ने श्री-श्री-1008 संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ जयंती हर्षोल्लास से मनाया

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत काराकाट प्रखंड में शनिवार को प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ जयंती समारोह शनिवार को पूरे धूमधाम से मनाई गई। वही इस श्री-श्री -1008 संत शिरोमणी बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का पूजा उत्सव मदेशिया संघ गोडारी में द्वारा आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत बाबा गणिनाथ के पूजा अर्चना से हुई। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जुटे सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने अपने कुलगुरु बाबा गणिनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा अर्चना के बाद हवन कार्यक्रम में समाज के अनेक लोग सपरिवार सम्मिलित हुए। पूजा के बाद झंडोतोलन किया गया। उसके बाद प्रसाद वितरण और संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने आनंद उठाया। बाबा गणिनाथ गोविंद को मद्धेशिया हलवाई समाज के लोग अपना कुल देवता मानते हैं। लिहाजा उनके द्वारा हर साल बाबा गणिनाथ की पूजा पूरे धूम-धाम से की जाती है। जिसमे नगर पंचायत मुख्यपार्षद अभिभावक-मुन्ना भारती एंव उप मुख्यपार्षद-रविवरंजन जी पूजा सामारोह में शामिल हुए। जिसमे सम्मानित जनप्रतिनिधि को गणिनाथ पूजा समिति के अध्यक्ष-गुपुत साह,आमोद कुमार, विनोद साह,काजू साह,पिंटु वाईट,लल्लू साह इत्यादि ने मुख्यपार्षद अभिभावक व उप मुख्यपार्षद को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया ।साथही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी मदेशिया संघ नगर पंचायत गोडारी व ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते हूए नजर आये।

# महिला शक्ति ने मेडिकल कॉलेज में टिन शेड लगवाया

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति के द्वारा स्वशासी मेडिकल कॉलेज में टिन शेड लगवाया गया प्रधानाचार्य डॉक्टर बलबीर सिंह और सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन के द्वारा इसका फीता काटकर इसका शुभारंभ किया गया टिनशेड के पत्थर का अनावरण प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सौम्य चौहान एवं यूनिट डायरेक्टर अनु बंसल ने किया। अध्यक्षा पूनम गुप्ता ने बताया कि यह 1100 स्क्वायर फीट टिन शेड मेडिकल कॉलेज परिसर में लगवाया गया है।

इस tinshade को निर्माण करने का उद्देश्य है। जो मरीज और उनके तीमारदार यहां पर पर्चा बनवाने के लिए आते हैं उनको तेज धूप और बारिश का सामना करना पड़ता है उनका काफी असुविधा होती थी। इसी को ध्यान में रखकर हमने यह प्रतीक्षाल्या तैयार करवाया' प्रशासनिक निदेशिका प्राची अग्रवाल



ने बताया कि हमने बैठने के लिए पांच सीमेंट की बेंचेज लगवाई है और हवा के लिए 3 पंखे भी लगवाए हैं।

इस प्रोजेक्ट में लगभग डेढ़ लाख रुपए खर्च हुए हैं। वित्त निदेशिका राखी बंसल के कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए धनराशि 1 अगस्त को फिरोजाबाद क्लब में महिला शक्ति द्वारा जो 3ीं प्रदर्शनी लगाई गई थी उससे जो धन अर्जित हुआ और महिला शक्ति is tin shade ka निर्माण हुआ। इस अवसर पर बीना चौहान, मंजू सिंह , उषा पाराशर, नीता गुप्ता, रेखा यादव, मधु गर्ग ,अनुपमा ,गुंजन ,गौरी, रीना, सीमा अग्रवाल आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

# ब्राण्ड एम्बेसडर सिरसागंज ने दिलाई 2000 विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के तत्वाधान में पालिकाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन ने श्री एम. डी. जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के साथ विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई।



अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाते हुए कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा। प्रति वर्ष सौ घण्टे यानी हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा और न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वंय से , मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनियां के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गाँव- गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही गंदगी से होने वाली बीमारियों की जानकारी प्रदान करने के साथ उन्हें जंक फूड न खाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर लगभग 2000 बच्चों के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन, संजय कटारा, संजीव जैन, ध्रुव कान्त झा, सुनील जैन, सत्यपाल सिंह, नितिन जैन, परेश जैन, सन्त राम, दुर्गेश नन्दन श्रीवास्तव, निर्भय जैन, मनोज जैन,अंजय जैन, राजीव जैन, शिव कुमार सिंह, प्रशान्त जैन, योगेश श्रीवास्तव, धीरज जैन, नितिन मिश्र, अमित जैन, शैलेन्द्र जैन, राजेश सक्सेना, हरीशंकर, नितिन जैन, कुलदीप जैन, मनीष जैन, नवनीत जैन, रामवीर, रामगोपाल, विपुल जैन, श्रीमती सारिका कुलश्रेष्ठ, साधना मोडवेल, प्रीती जैन, रंजना जैन, स्वाती जैन, ज्योति जैन, सरिता जैन, पारुल कुशवाह आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में हुआ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ**

लखनऊ । बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में रसायन विभाग द्वारा केकेवी विद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट के विद्यार्थियों के लिए विश्लेषणात्मक तकनीकों पर आधारित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन 21 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक किया जायेगा। जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्र - छात्राओं को विभिन्न विश्लेषणात्मक तकनीकों के सिद्धांतों एवं व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं डीन प्रो बी.सी. यादव ने किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ ज्योति पाण्डेय द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान के बढ़ते प्रयोग के बारे में चर्चा के दौरान कहा कि विज्ञान द्वारा प्रत्येक क्षेत्र की सीमाओं को तय



कर लिया गया है। विभिन्न तकनीकों का सदुपयोग करके इसे मानव जीवन के लिए और भी प्रभावी एवं हितकारी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ अंजनी तिवारी, प्रो गजानन पाण्डेय, डॉशैलेश कुमार, डॉ प्रीति गुप्ता, डॉ जवाहर एवं विश्वविद्यालय एवं केकेवी विद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहें।

# घर के बाहर खेलते समय पानी भरे गड्ढ़े में डूबकर तीन वर्षीय मासूम की मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के खखरेरू थाना क्षेत्र के बसवा गाँव में घर के बाहर एक तीन वर्षीय मासूम खेल रहा था। तभी खेलते-खेलते घर के समीप पानी से भरे गड्ढ़े में डूब गया। काफी खोज बीन के बाद जब पानी भरे गड्ढ़े में देखा तो बच्चे का शव पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बसवा गाँव निवासी धर्मेंद्र का 3 वर्षीय पुत्र जीत नरायन घर के बाहर खेल रहा था। तभी खेलते-खेलते घर के समीप पानी भरे गड्ढ़े में वह गिर गया। काफी समय बीतने के बाद जब वह कही दिखाई नही दिया तो परिजन उसकी तलाश में लग गये। खोज बीन करते हुए जब पानी भरे गड्ढ़े में देखा तो बच्चे का शव पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया बच्चे की मौत हो चुकी थी। मौत की खबर परिजनों को हुई तो घर मे कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मानदेय बढ़ाए जाने पर टोला सेवक, तालिमि मरकस व विकास मित्रों ने जताया खुशी

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ शनिवार को स्थानीय बाजार में प्रखंड क्षेत्र के टोला सेवको, तालीमी मरकज व विकास मित्रों ने अपने मानदेय बढ़ाए जाने पर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया। साथ ही मुख्यमंत्री की तस्वीर पर रंग अबीर लगा मिठाई खिला कर अपनी खुशियों का इजहार किया।

जानकारी के अनुसार पालीगंज प्रखंड में टोला शिक्षक, तालीमी मरकज और विकास मित्रों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पीछले दिनों लगभग दोगुने मानदेय बढ़ाने के बाद शनिवार को पालीगंज अनुमंडल बाजार स्थित निजी संस्थान में एक कार्यक्रम का आयोजन कर खुशी जताया। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि महादलित आयोग के सदस्य पूर्व विधायक अरुण मांझी के मौजूदगी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर पर रंग गुलाल लगाने के बाद उन्हें मिठाई खिलाया। उजके बाद सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए अपनी खुशी इजहार कर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए हार्दिक धन्यवाद दिया। वही अरुण मांझी ने सभी उपस्थित टोला शिक्षकों, तालीमी मरकज एवं



विकास मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दुरदुर्शी सोच का ही यह परिणाम है कि समाज के सबसे निचले तबके का प्रितिधित्व करने वाले और समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले दलित, महादलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा जैसे वर्ग की लोगों की उत्थान के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं। आज उसी का परिणाम समाने आते हुए दिखाई दे रहा है। आप सभी को पहले 11 हजार मानदेय मिलता था उसको बढ़ाकर आज दुगुना कर दिया। यह मुख्यमंत्री की दुरदूर्शी सोच का ही सकारत्मक परिणाम है । वे हमेशा बिहार की विकास की समजिक समरसता के साथ न्याय के साथ विकास कि सोच को आगे बढ़ाते हुए बिहार की विकास निरंतर कर रहे हैं। पिछले 18 वर्षों के कार्यकाल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार हर क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास करते हुए आज बिहार की पहचान देश के अन्य राज्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने लायक बना दिया है। वही महादलित आयोग के सदस्य पूर्व विधायक अरुण मांझी को सभी टोला सेवको, तालीमी मरकज, एवं विकास मित्रों ने बैंड बाजा के साथ भव्य स्वागत किया।

मौके पर जदयू के जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, हेमंत पटेल, जदयू प्रखंड अध्यक्ष डॉ. मिथलेश कुमार, राजेश कुमार, सहित बड़े पैमाने पर पुरुष एवं महिला टोला शिक्षक, तालीमी मरकज एवं विकास मित्र मौजूद थे।

# जनपद में बढते डेंगू व बुखार कैसेज को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, संचारी रोग नियंत्रण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाए।

## *सभी अपने घर आंगन में मच्छररोधी तुलसी व गेंदे के पौधे को लगाए-सीडीओ*

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा0 उज्वल कुमार व मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन व प्रशासनिक व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शनिवार को कलैक्टेज्ट सभागार में स्वास्थ सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए एवं जनपद में बढ़ते डेंगू केस, संचारी रोग नियंत्रण अभियान को और अधिक सक्रिय करने आदि विषयों पर व मौसम जनित बीमारियों की रोकथाम के लिये बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ पेय जल ही पीये, पूरी बाह वाली कमीज और पैन्ट पहने और सभी मच्छरदानी का प्रयोग करें। कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखें, खुले में शौच न करें, रोजाना स्नान करें, ताकि संचारी रोग से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि बुखार होने पर बच्चों को बिना किसी देरी के उपचार के लिये सरकारी अस्पताल लाये। कोई भी बुखार जानलेवा हा सकता है। उन्होने वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों का भी सहयोग लेकर आम जनता को संचारी रोग नियंत्रण व साफ-सफाई एवं डेंगू सहित अन्य वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम व बचाव के बारे में जागरूक किया जायें। उन्होने यह भी निर्देश दियें है कि स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर जल एकत्रित होने वाले पात्रों व स्थानों का चिन्हिकरण करते हुये उनके हटाने की कार्यवाही



करें। जिन स्थानों से जल भराव समाप्त न किया जा सकें उन स्थानों पर एण्टीलार्वल स्प्रे नियमित कराया जायें और शहर की गली, मौहल्ले एवं घनी आवादी वाले क्षेत्रों में फोगिंग अवश्य करायी जायें।

उन्होने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दियें है कि वह सभी गली मोहल्लों में साफ-सफाई एवं कूडा निस्तारण की सुद्दढ व्यवस्था स्थापित करायें। मच्छर जनित परिस्थितियों को समाप्त कराने हेतु निरीक्षण करें तथा भवन स्वामियों को रोगवाहक मच्छर प्रतिरोधी उपाय करने के सुझाव दियें जायें। उन्होने वहां सफाई सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये है कि वह स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर फॉगिंग व लावासाईडल स्प्रे की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान में विभिन्न विभागों में आपासी समन्वय द्वारा खासकर आशाओं द्वारा घर-घर पर दस्तक देकर संचारी रोग नियंत्रण व दिमागी बुखार व संचारी रोगों के रोकथाम एवं चिन्हाकंन का कार्य प्रभावी तरीके से अपने दायित्वों का निर्वाहन करें।

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने मीटिंग के माध्यम से अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखने व अपने गांव के वातावरण को स्वच्छ रखने, तथा समुदाय को साफ-सफाई एवं स्वच्छता अपनाने के लिये प्रेरित के लिए अपील भी की। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा हमारे गांव में बुखार से पीड़ित होगा, उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिये सरकारी अस्पताल जाने के लिये प्रेरित करेंगे। उन्होने कहा कि शौच के लिये शौचालय का प्रयोग करेंगे और सभी को यही करने के लिये प्रेरित करेंगें।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की बैठक में धान क्रय केन्द्रों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर उठाई गई आवाज

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक फतेहपुर जिले के नहर कॉलोनी में संपन्न हुई जिसमें कई मुद्दे छाए रहे वही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा बहुआ पावर हाउस के शाह फीडर पर 2 से 3 घंटे बिजली मिल पा रही जिसका समस्या का निदान प्रशासन कराए और आवारा पशुओं समेत सबसे बड़ा मुद्दा धान क्रय केंद्रों में किसानों के हाइब्रिड धान की तौल सुनिश्चित की जाए यह प्रमुख मांग रही धान क्रय केंद्रों में बिचौलिए द्वारा फर्जी



किसानों के नाम से धान की तौल होती है इस पर कमेटी गठित कर इस पर रोक लगाई जाए व किसानों के नाम पर दर्ज खतौनी पर किसानों का कब्जा दिलवाया जाए इन मांगों को लेकर बैठक की गई और कहा गया यदि यह मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन उग्र होगा बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम पटेल हसवा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश समेत सैकड़ो पदाधिकारी मौजूद रहे है

# दबंग हिस्ट्रीशीटर युवक ने पुलिस पर किया हमला हमले में बाल बाल बच्चे पुलिसकर्मी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर किशनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर चौकी अंतर्गत गुरुवल गांव में दबंगई के बल जमीन कब्जे की शिकायत पर स्थानीय चौकी पहाड़पुर की पुलिस के दो पुलिसकर्मी शिकायत के आधार पर स्थित का निरीक्षण करने आए थे। तभी बीते दिन जमानत से छूठ कर आए कर दबंग हिस्ट्रीशीटर उदयराज उर्फ (बोडडी) पुत्र धर्मराज ने पुलिस के सामने पीड़ित हरिजन व्यक्तियों से गाली गलौज करना शुरू कर दिया। पुलिस के मना करने पर भी अपराधी हिस्ट्रीशीटर बराबर जाति सूचक गलियों से हरिजन व्यक्तियों को नवाजता रहा। पुलिस कर्मियों के बार-बार मना करने के बाद दबंग



हिस्ट्रीशीटर युवक पुलिस से ही भिड़ गया। पुलिस कर्मियों को भी अभद्र भाषा का प्रयोग के साथ-साथ लाठी डंडों से प्रहार करना शुरू कर दिया। सूझबूझ करते हुए पुलिसकर्मियों ने हिस्ट्रीसीटर युवक को हिरासत में पकडकर बंधक बना लिया। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों ने उक्त प्रकरण थाने में सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस आधा दर्जन पुलिस बल द्वारा दबंग हिस्ट्रीशीटर अपराधी को हिरासत में ले लिया।

वही मामले को लेकर किशनपुर थाना प्रभारी जेपी शाही ने बताया कि अपराधी के पास से अवैध शस्त्र भी बरामद हुआ है साथ ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही।

# गजब : मानसरोवर का पता नहीं रकम डकार गए नुमाइंदे

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। शासन द्वारा अधिकांश ग्राम सभाओं में मानसरोवर निर्माण के लिए धन आवंटित किया गया था। लेकिन शासन का वह सपना जिम्मेदारों की उदासीनता से तार तार हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के अधिकांश ग्राम सभाओं में ग्राम सभाओं की खूबसूरती के साथ साथ कई उद्देश्य से शासन द्वारा मानसरोवर निर्माण का फरमान जारी किया गया था और उसके लिए अलग से धन भी आवंटित किया गया था। लेकिन ज्यादेतर ग्राम सभाओं में मानसरोवर का कहीं पता ही नहीं है। ऐसे में मानसरोवर निर्माण के लिए आया धन भ्रष्टाचार्यों की मजबूत मुट्ठी में कैद हो गया है इस बात को आखिर कैसे नकारा जा सकता है। सूत्रों के अनुसार बहुतायत ग्राम सभाओं की कागज में मानसरोवर का निर्माण बेहतर ढंग से दिखा दिया गया है। लेकिन जमीनी हकीकत उसके ठीक विपरीत नजर आ रही है। ऐसे में शायद यह कहना गलत ना होगा कि यदि उच्च स्तरीय जांच टीम द्वारा ग्राम सभाओं के मानसरोवर की हकीकत



की पड़ताल किया जाए तो बहुत बड़े भ्रष्टाचार के राज का पदार्फाश हो सकता है। ऐसे में सबसे अहम सवाल यह है कि जिम्मेदार सरकारी तंत्रों की घोर उदासीनता की वजह से सरकारी तंत्रों के अधीनस्थ शासनादेश को अमलीजामा पहनाने में लापरवाही की सारी हदें पार कर देते हैं। सूत्रों के अनुसार अधीनस्थ तंत्रों को अच्छी तरह से मालूम है कि उनके ऊपर जांच व कार्रवाई कौन करेगा जब उनके साहबों की मेहरबानी ही है। क्योंकि उन्ही साहबों की दरियादिली की वजह से अधीनस्था भ्रष्टाचार की बदौलत मलाई काट रहे हैं। और उसी मलाई का हिस्सा साहबों तक भी पहुंचते हैं। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो ग्राम सभाओं के विकास के लिए शासन की तरफ से जितना धन आता है यदि अधीनस्थ सही ढंग से उतना धन ग्राम सभाओं की विकास में खपत कर दें तो ग्राम सभाओं की तस्वीर और तकदीर दोनों बेहतर हो जाएगी। लेकिन ऐसा कत्तई होता नहीं है। शायद यही वजह है कि बहुत कम समय में ही ग्राम प्रधान और उनके महाशय अधिकारी करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक बन बैठते हैं।

# समाधान दिवस पर पुलिस एवं राजस्व टीम ने पूर्व के शिकायतों का किया निस्तारण

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर।अभिषेक कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सुजीत राय क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में उप जिलाधिकारी इटवा करमेन्द्र की उपस्थित में व तहसीलदार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व से लम्बित चल रहे राजस्व के भिन्न भिन्न प्रकरण के प्रार्थना पत्र एवं भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र की जांच की गयी। राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठन कर सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस पर कानूनगो हल्का के राजस्व लेखपाल व बीट पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। कुल 7 आये थे। जिनमें राजस्व विभाग 5 पुलिस विभाग दो मामला निस्तारित किया गया। और 2 मामले राजस्व विभाग 1, मामला पुलिस विभाग 1 शेष 5 राजस्व विभाग 4 पुलिस विभाग का एक मामला आया था जिसका निस्तारण अभी नहीं हो पाया है। लेखपाल संघ के इटवा तहसील महामंत्री नवीन चौधरी आदि लेखपाल उपस्थित रहे।

# यूथकांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया शुरू नामांकन की अंतिम तारीख 29 सितंबर

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। घर संसार बाई पास रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है।जिसमे राजकुमार यादव (कोऑर्डिनेटर/प्रभारी यूथ कांग्रेस जोन आगरा) यूथ कांग्रेस के चुनाव के संम्बंध में प्रेस के बंधुओ से रूबरू हुऐ। राजकुमार यादव ने बताया कि यूथ



कांग्रेस के चुनावो की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।जिसमे नामांकन की अंतिम तिथि 29 सितंबर है। जिसमे प्रत्येक सदस्य 4 वोट डालेगा एक प्रदेश अध्यक्ष,दूसरा प्रदेश महासचिव,तीसरा जिलाध्यक्ष और चौथा विधानसभा अध्यक्ष के लिए। जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा कि यूथ कांग्रेस कांग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्ड़ी होती है। इसमें बने हुए कार्यकर्त्ता सदैव पार्टी के हितों की रक्षा करते हैं। यूथ कांग्रेस के मजबूत होने से जिले में कांग्रेस को बल मिलेगा और 2024 में इंडिया गठवन्दन को भरी बहुमत दिलवाने में यूथ कांग्रेस अग्रड़ी भूमिका निभाएगा।प्रेस वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष हाजी साजिद बेग,वरिष्ठ कांग्रेसी धर्म सिंह यादव,पीसीसी सदस्य छेत्र पाल सिंह यादव,मुकेश गौड़,यश दुबेचाँद कुरैशी,मनोज भटेले,वकार खालिक,रामशंकर राजौरिया आदि लोग उपस्थित थे।

# नाबालिग का अपहरण करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जसराना में मंदिर गई किशोरी का अपहरण कर उसके साथ छेडखानी करने के आरोपी युवक को पुलिस ने 15 माह बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के निर्देश पर आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है।



22 जून 2022 को थाना जसराना में पिता द्वारा अपनी 13 वर्ष की पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस विवेचना में कुरावली मैनपुरी निवासी राहुल का नाम सामने आया। पुलिस किशोरी को बरामद करने के साथ आरोपी युवक को पकडने का प्रयास कर रही थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसके बयान कराए तो उसने युवक पर गंभीर आरोप लगाए। किशोरी के बयानों के आधार पर पाक्सो के साथ अन्य गंभीर धाराओं जोडा गया। पुलिस युवक की तलाश कर रही थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी युवक पटीकरा नहर पुल के पास खडा हुआ है। पुलिस ने दविश देकर गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी महेश सिंह ने कहा आरोपी को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेजा है।

# पुलिस ने चार शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले में मध्य प्रदेश से लूट की घटना को अंजाम देने आए चार लूटेरो को रडऋ़और कोतवाली फोर्स ने घेराबंदी कर लूटेरो को पकड़ते हुए



लूट का पैसा बरामद कर खुलासा कर दिया, आपको बताते चले कि यह लूटेरे मध्यप्रदेश से दो रेसर बाइक खरीदकर जिले लूट की घटना को अंजाम देने के लिए आये थे,यह सदर कोतवाली के पुरानी तहसील में रजिस्ट्री ऑफिस में आये रूप चंद्र शुक्ला से पैसों से भरा बैग लेकर रफू चक्कर हो गए वही इनके एक साथी को पब्लिक ने पकड़ धुनाई कर फोर्स को दे दिया, कोतवाली पुलिस और रडऋ़ने इन्हें सूचना पाकर दौड़ा लिया, जिन्हें नौवाबाग के पास से घेराबंदी कर अरेस्ट कर लिया, वहीं एडिशनल विजय शंकर मिश्रा ने खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए अंतरराज्यीय लुटेरा गैंग के चार सदस्यों को पकड़ा गया है जिनके पास से लूट का 25 हजार रुपये और तीन अवैध असलहे के साथ दो नई ळश्र की रेसर बाइक बरामद हुई है, यह बाइक विगत 10 दिन पूर्व मध्यप्रदेश से खरीदकर लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए आये थे, जिन्हें पकड़कर खुलासा किया गया है, इनका आपराधिक इतिहास का खुलासा मध्यप्रदेश के कड़िया थाना के बोड़ा जनपद से संपर्क साध कर खंगाला जा रहा है ।

# चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक चालक हुआ घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले की बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक चालक युवक घायल हो गया। घायल अवस्था मे स्थानीय पुलिस ने युवक को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र पहुंचाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के खिदरीपुर गाँव निवासी हरी किशन पटेल का 25 वर्षीय पुत्र अमन पटेल किसी काम से बाइक पर सवार होकर बिंदकी कस्बे गया था। तभी एक चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। वाहन की टक्कर से अमन रोड पर गिरकर घायल हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही डियुटी पर मौजूद डॉक्टर घायल के इलाज में लग गए।

# जिला अस्पताल के बगल झाड़ी में मिला नवजात शिशु का शव

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज संयुक्त जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड के बाहर बगल झाड़ी में एक मृतक नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मालूम हो नवजात शिशु की मृतक शरीर को कुत्ते नोच रहे थे। कुत्तों की भीड़ देखकर स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंच कर देखा कि नवजात शिशु का मृतक शरीर पड़ा है। लोगों ने लावारिस पड़े शरीर की सूचना पुलिस को दिया। पुलिस की नजर में प्रथम दृश्यता एक दिन का जन्मा नवजात शिशु था। पुलिस ने बच्चों को कराया दफन करवाया। ऐसी तरह तरह की चचाएं हो रही हैं। कोई कहता है कि किसी कलयुगी मां ने लोक लाज की डर से नवजात शिशु को झाड़ी में फेंक कर अपना इज्जत बचा लिया है। क्योंकि बच्चा अवैध संबंध से जन्म रहा होगा।

# कानपुर में पुलिस ने भेजा बेटी के हत्यारे युवक को जेल, अब तक पता नहीं चली घटना की वजह

*– पुलिस को अब तक पता नहीं चली हत्या करने की वजह, पत्नी ने लगाया अन्य युवती से अवैध संबंधों का भी आरोप*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर अपनी डेढ़ साल की बेटी की हत्या करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। उसने शुक्रवार की देर शाम अपनी बेटी की हत्या कर दी थी, जिसके बाद भागते समय उसे गांव वालों ने ही पकड़ा था। यह घटना सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के तुलसियापुर गांव की है। यहां के निवासी राजीव राजपूत पत्नी नेहा और दो बच्चों पांच वर्षीय बड़ा बेटा और दूसरी डेढ़ वर्ष की छोटी बेटी लक्ष्मी के साथ रहता था।

मिली जानकारी के मुताबिक देर रात राजीव छत पर सो रही अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी को उठाकर नीचे कमरे में ले आया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। सुबह स्वजन उठे तो नीचे जाकर देखा जहां बच्ची को मृत प्रकार उन्होंने शोर मचाया। उसके बाद राजीव मौके से भाग खड़ा हुआ लेकिन सफल नहीं हुआ, क्योंकि गांव वालों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। खास बात यह भी की घटना की असली वजह अभी तक पता नहीं चली है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अभी तक यह पता लग रही है कि उसने बेटी की हत्या क्यों की ? क्या वह बेटी को पत्नी के अवैध संबंधों का परिणाम मानता है ? और अगर पत्नी की आवाज संबंधों का शक था तो फिर पत्नी के स्थान पर बेटी को क्यों मार डाला। फिलहाल जेल भेजने के बाद पुलिस घटना छान बीन में लगातार जुटी हुई है

# जिला बनाने के लिए बैहर, परसवाड़ा व बिरसा रहा पूर्णत: बंद, प्रतिष्ठान को बंदकर व्यापारियों ने किया सहयोग

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(24 सितंबर )बैहर को जिला बनाने के लिए जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में पिछले दिनों ग्राम झामूल में सैकड़ो की संख्या में आमजन एकत्रित होकर 23 सितंबर को सम्पूर्ण बैहर बिरसा और परसवाड़ा को बंद करने की रुपरेखा तैयार की थी जो शनिवार को साफ तौर से देखी गयी।आम से लेकर खास,मजदूर से लेकर व्यापारी तक इस मुहिम में शामिल होकर बैहर को जिला बनाने की मांग की, जो क्षेत्र वासियों के लिए नितांत जरुरी हैं। बैहर जिला बनाओ समिति के संयोजक ने बताया कि अगर शासन बैहर को जिला नहीं बनाता हैं तो आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा क्यों कि बैहर को जिला बनाने की मांग किसी विशेष या एक इंसान की नहीं हैं यह मांग सम्पूर्ण बैहर क्षेत्र वासियों की हैं जिन्हे मौजूदा समय में जिला मुख्यालय जाने में समय धन दोनों बर्बाद करना पड़ता हैं इसके बाद भी जिला मुख्यालय गए व्यक्ति का कार्य सफल होगा ही इसकी गारंटी नहीं हैं क्यों कि जो व्यक्ति 100 किमी की दुरी तय कर जिला मुख्यालय जाता हैं उसे घर वापसी की भी चिंता रहती हैं। बैहर को जिला बनाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है लेकिन शासन द्वारा इसे



नजर अंदाज किया जा रहा है जिससे बैहर वासियों की सहनशीलता जबाब दें रही है इस लिए जगह जगह जनता ने बैहर को जिला बनाने की हुंकार भरकर रैली के माध्यम से शासन का इस तरफ ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहें हैं। इसी को लेकर शनिवार को बैहर बंद की अपील की गयी थी जो सफल रहा।

# हिन्दू संघठन ने निकाली आक्रोश रैली, ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही के लिए किया मांग

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(24 सितंबर )घृणित और कुत्सित बयान के विरोध में सनातन महासभा ने शनिवार को नगर में आक्रोश रैली निकाली। लगातार सनातन धर्म के विरोध में तमिलनाडु के कुछ मंत्री उदयनिधि, मंत्री पोनमुडी, डी राजा और स्वामी प्रसाद मौर्य सहित अनेक निम्न मनोवृत्ति तथा कुंठाग्रस्त लोगों द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए हैं। तय समय के अनुसार सभी सनातनी लोग पुराने हनुमान मंदिर में एकत्रित हुए। यहां से सनातनी लोग आक्रोश रैली निकली जो कि काली पुतली चौक, मेन रोड, राजघाट चौक, महावीर चौक, सुभाष चौक, सराफा बाजार चौक से होते हुए हनुमान चौक पहुंचे, यहां पर उन्होंने राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपकर इस तरह का कृत्य करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सनातन सभा के अध्यक्ष महेश खंजाची ने कहा कि घृणित और कुत्सित मानसिकता के कुछ लोग सनातन धर्म के विरोध में बयान देकर देश के शांतिपूर्ण माहौल को दूषित करने का काम कर रहे हैं। सनातन महासभा कड़े शब्दों में निंदा करती है और ऐसे लोगों के खिलाफ खुलकर विरोध करने की जनजागरूकता के लिए सनातन महासभा आज विरोध रैली निकाली गई है।ताकि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो और ऐसी घटनाओं की पुनरार्वृत्ति न हो।




सनातन महासभा संरक्षक रमेश रंगलानी ने कहा कि देश के कतिपय नेता सनातन धर्म के विरोध में उलजुलुल बयान देकर देश में जहर घोल रहे हैं। हालांकि ऐसे लोगों से फर्क नहीं पड़ता है। देश पर आक्रमण करने वाले मुगल से लेकर अंग्रेज तक देश के सनातन धर्म को डिगा नहीं सके। ऐसे लोगों को अब जवाब देने की आवश्यकता है। साथ ही यह बताने की जरूरत है कि सनातनी अब खामोश नहीं रहेगा और ईंट का जवाब पत्थर से देगा।

रैली के दौरान सनातन महासभा संरक्षक लता ऐलकर ने कहा कि सनातनियों को कमजोर समझकर उनके सनातन धर्म के खिलाफ जानबूझकर विधर्मी द्वारा आक्रमण किया जा रहा है और यह सब एक राजनीतिक षडयंत्र के तहत हो रहा है। जवाब देने सनातनियों में जागरूकता पैदा करने यह रैली आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि सनातनी अब ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए आगे आ रहे है। रैली के दौरान सनातन महासभा महामंत्री अभय सेठिया, कोषाध्यक्ष गोपाल आडवानी, समाजसेवी राजेश पाठक, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष लालू यज्ञेश चावड़ा, चंदर दमाहे, संजय ऐड़े, हीरासिंग भाटिया, नपाध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, मुस्कान चौरसिया, मीना चावड़ा, शिशिर भाई चावड़ा, सुनील खटोले समेत अन्य बड़ी संख्या में सनातनी लोग मौजूद रहे।

# पंजाबी संस्था बिलासपुर ने प्राथमिक शाला कौवाताल के बच्चो को किया चरण पादुका का वितरण

*विश्वाधारम जनकल्याण समिति बिलासपुर ने किया पठन सामग्री का वितरण*

**समाज जागरण ब्यूरो**

मस्तुरी। विकास खंड मस्तूरी संकुल केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सीपत संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कौवाताल में उत्कृष्ट विद्यालय पहल की दिशा में पंजाबी संस्था बिलासपुर के अध्यक्ष अशोक ऋषि के द्वारा प्राथमिक स्तर के बच्चो को चरण पादुका वितरण का कार्यक्रम रखा गयो कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विश्वाधारम जनकल्याण समिति बिलासपुर के संस्थापक चंद्रकांत साहू , चन्द्रा एकेडमी के संस्थापक गुलशन चन्द्रा,बिलासपुर के आतिथ्य और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सदस्य सुरेंद्र सूर्यवंशी, सौखीलाल साहू, दिलहरण साहू, पूर्व सरपंच जय सिंह सिदार, के उपस्थिति में अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गयो तत्पश्चात अतिथियों ने उदबोधन में कहा कि उत्कृष्ट विद्यालय विकास के कार्यो में जनसहयोग से बच्चो को सभी सुविधा मिले जिससे बच्चो को शिक्षा



ग्रहण करने में रुचि जागृत हो एक प्रयास समिति द्वारा किया गया है " आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा ग्रहण, प्रशिक्षण प्राप्त करने की दिशा में सहयोग करने की बात कही गई कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को चरण पादुका, पेन पेंसिल,रबड़, स्लेट, कापी, का वितरण किया गयो पठन सामग्री और चरण पादुका पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशियां देखते ही बनो अतिथियों को सम्मान चिन्ह देकर आतिथ्य स्वागत किया गया" कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षिका शशिकला सिदार का विद्यालय स्टाफ द्वारा जन्मदिवस मनाया गया और बच्चों को टॉफी का वितरण किया गयोकार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक और शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पाण्डेय ने किया` कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन एस एम सी सदस्य दिलहरण साहू ने कियो इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिका सुनील कुमार गौरहा, इंद्रभूषण सिह कौशिक, शशिकला सिदार, सरोज डोंगरे, सुरेश केवट एस एम सी सदस्य पालक माताएं और छात्र छात्राएं उपस्थित थे

# मुख्यमंत्री से बिलासपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में बिलासपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की । उन्होंने मुख्यमंत्री को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का न्योता दिया । मुख्यमंत्री ने सदस्यों को बधाई एवँ शुभकामनाएं दी तथा आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया ।

इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली, उपाध्यक्ष संजीव पाण्डेय, सचिव दिलीप यादव,



कोषाध्यक्ष प्रतीक वासनिक, सह सचिव दिलीप जगवानी तथा कार्यकारिणी सदस्य गोपीनाथ डे उपस्थित थे ।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एक सामाजिक क्रांति,,,, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान

**क्षेत्र की तस्वीर और किसानों की तकदीर बदलेगी चिनकी बौरास बैराज संयुक्त परियोजना**

**रायसेन सहित तीन जिलों की तीन लाख 26 हजार एकड़ भूमि में होगी सिंचाई**

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। खेती के लिए पानी की जरूरत होती है। मैं इसी कोशिश में था कि ऐसी योजना बनाई जाए जिससे क्षेत्र की तस्वीर और किसानों की तकदीर बदल जाएं और चिनकी बौरास बराज संयुक्त परियोजना यह काम करेगी। यह छोटी परियोजना नहीं है। पांच हजार 839 करोड़ 32 लाख रू की परियोजना है और रायसेन जिले के 240 गॉव की एक लाख 77 हजार एकड़ भूमि में सिंचाई होगी। नरसिंहपुर जिले के 152 गॉव में 97 हजार एकड़ भूमि में सिंचाई होगी। नर्मदापुरम जिले के 60 गॉवों में 52 हजार एकड़ भूमि में सिंचाई होगी। कुल तीन लाख 26 हजार एकड़ भूमि में सिंचाई होगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उदयपुरा में आयोजित कार्यक्रम में 5839 करोड़ रू लागत की चिनकी बौरास बराज संयुक्त परियोजना का भूमिपूजन करते हुए कही।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उदयपुरा, देवरी, बरेली बचपन से मेरी कर्मभूमि रही है। क्षेत्र के विकास के लिए बचपन से पद यात्राएं, साईकिल यात्राएं, आंदोलन किए हैं। किसानों की खेती अगर सिंचित होगी तो हमारा उदयपुरा, बरेली, देवरी, नरसिंहपुर यह फसलों के उत्पादन पंजाब, हरियाणा को पीछे छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि नदी निचले स्थल पर हो और नहर ऊपर हो तो पानी खेतों तक कैसे पहुंचे, यह बड़ी समस्या होती है। इसलिए नहर से अगर पानी सीधे खेतों तक नहीं जा सकता तो पाईप लाईन बिछाकर मोटर से पानी खींचकर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए योजना बनाई है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि आज लगभग 06 हजार करोड़ रू लागत के विकास कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण किया गया है। जितने विकास के काम सरकार ने किए हैं, वह किसी ओर सरकार ने नहीं किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बूंद-बूंद के लिए तरसते थे। माताएं-बहनें हैण्डपम्प, कुओं पर लाईन लगाकर पानी भरते थे। हमने निश्चय किया कि माताओं-बहनों को परेशान नहीं होने देंगे। अब गॉवों में भी हर घर में टोंटी खोलते ही पानी आ जाता है। पहले उदयपुरा से भोपाल जाने में सुबह से शाम हो जाती थी और अब कुछ घण्टे में ही पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ जनता का कल्याण भी हमारी प्राथमिकता है। हम सरकार नहीं चलाते, हम परिवार चलाते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब बहनों को सौ रू की जरूरत होने पर भी हाथ फैलाने पड़ते थे। कई बार मन मारकर रह जाती थी। इसलिए मैंने तय किया कि छोटी जरूरतों के लिए बहनों को हाथ ना फैलाना पड़े, इसके लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एक सामाजिक क्रांति है, यह बहनों का जीवन बदलने का अभियान है। महिलाओं के सशक्तिकरण में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लाड़ली बहनों के बैंक खाते में जून माह से हर महीने एक-एक हजार रू की राशि जमा की जा रही थी और अब बढ़ाकर 1250 रू कर दिए हैं। आगे बढ़ाकर 1500, फिर 1750, फिर और धीरे धीरे बढ़ाकर तीन हजार रू महीने लाड़ली बहनों को दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि बहनों की जिंदगी बदलने के लिए वह मुख्यमंत्री बने हैं। इसके लिए वह लगातार काम करते जा रहे हैं। बहनों को रसोई गैस के सिलेण्डर भी 450 रू में मिलेगा, बाकी राशि शिवराज भैया जमा करेगा। उन्होंने कहा कि सभी को पक्का मकान चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना में कई जरूरतमंद के नाम छूट गए, उनके लिए लाड़ली बहना आवास योजना शुरू की है। कोई गरीब बिना मकान के नहीं रहेगा, सबका मकान बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसानों को पहले चार हजार रू मिलते थे, अब हर साल 06 हजार रू मिलेंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के भी 06 हजार रू मिलेंगे। इस प्रकार अब किसानों को हर साल 12 हजार रू मिलेंगे।



गरीब और किसान के बेटा-बेटी भी आगे बढ़े, इसके लिए बच्चों को शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। बारहवीं कक्षा में स्कूल में टॉप करने वाले बच्चों को स्कूटी दी जा रही है। अगले साल बारहवीं में 60 प्रतिशत नम्बर लाने वाले बच्चों को भी लैपटॉप मिलेगा। साथ ही बारहवीं में फर्स्ट, सेकेण्ड और थर्ड आने वाले बच्चों को स्कूटी मिलेगी। इसके अलावा मेडीकल, इंजीनियरिंग, आईआईटी, आईआईएम सहित उच्च शिक्षा के लिए बच्चों का चयन होने पर फीस शिवराज मामा भरेगा। इसके अलावा मेडीकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई अब हिन्दी में भी होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली बहना सेना की महिलाओं से संवाद भी किया।

**तीन नगर पंचायतों को दो-दो करोड़ रू स्वीकृत,,,,**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देवरी में कॉलेज खोला जाएगा, बरेली नगर पंचायत अब नगर पालिका बनाई जाएगी उदयपुरा में भी एसडीएम बैठेंगे, उन्होंने देवरी, बरेली और उदयपुरा नगर पंचायत में दो-दो करोड़ रू की राशि भी स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा अनेक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए।

चिनकी बौरास बराज संयुक्त परियोजना से लाभान्वित होने वाले उदयपुरा क्षेत्र के सभी 240 गॉवों से महिलाओं द्वारा कार्यक्रम स्थल पर कलश भरकर लाए गए, जिनका मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा पूजन किया गया।

कार्यक्रम में सांसद राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र को विकसित क्षेत्र बनाने और मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से निकालकर साधन सम्पन्न बनाने का काम मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान किया है। आज हमारे मध्यप्रदेश के विकास की गति पूरे देश में शोध का विषय है। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को दूसरे राज्यों ने अपने यहां लागू किया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार भी व्यक्त किया।

केबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राज्य स्तरीय दीनदयाल अंत्योदय कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष तथा सिलवानी विधायक रामपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जननायक हैं, उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश बीमारू और पिछड़े राज्य से निकलकर आज विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उदयपुरा क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। उदयपुरा क्षेत्र को पहले कालापानी क्षेत्र कहा जाता था। यहां सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थी। लेकिन जब हमारे जननायक मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली, तब उन्होंने उरिया में जलप्रदाय योजना बनाकर 105 गांव में नर्मदा मैया का जल पहुंचाया। गॉव-गॉव में पेयजल पहुंचाकर माताओं-बहनों की परेशानी दूर करने का काम किया है। इसके अलावा देवरी को नगर परिषद और तहसील बनाने का काम किया। उदयपुरा में एसडीएम की मांग लम्बे समय में थी, जिसे मुख्यमंत्री जी ने पूरा किया है। विजनहाई में 132 केवी का सब स्टेशन बनवाया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज भी 5839.32 करोड़ रू की सौगात दी है जिससे रायसेन जिले की 70635 हैक्टेयर जमीन सिंचित होगी। साथ ही होशंगाबाद जिले की 20190 हैक्टेयर और नरसिंहपुर जिले की 41100 हैक्टेयर क्षेत्र में भी सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल तथा जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में बोधसिंह भगत के खिलाफ हुए स्थानीय कांग्रेसी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(24 सितंबर )लाँजी किरनापुर विधानसभा में बीजेपी ने आप पार्टी को छोड़कर आये राजकुमार कराहें को उम्मीदवार घोषित कर दिया हैं जिससे बीजेपी में भीतरघात की सम्भावना साफ देखी जा रही हैं अब वही हाल कांग्रेस में दिख रहा हैं। बीजेपी के पूर्व सांसद बोध सिंह भगत की जैसे कांग्रेस में एंट्री हुई वैसे ही विरोध भी शुरू हो गया क्यों कि कटंगी से बोधसिंग भगत की टिकट अब पक्की मानी जा रही हैं लेकिन टिकट मिलने के पहले ही बोधसिंह का विरोध शुरू हो गया है, जिसके तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी, तिरोड़ी और भौरगढ़ का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय व्यक्ति को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने की मांग पुरजोर तरीके से उठी। इसका कार्यकताओं ने समर्थन किया।स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने साफ किया कि पहले बोधसिंह को जाँच परख लो फिर टिकट देने के बारे में सोचो।

कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहले बोधसिंह भगत को समझ ले और बोधसिंह भगत कांग्रेस के कार्यकताओं से रूबरू हो जाए, इसके बाद ही पार्टी कोई फैसला ले। अन्यथा कांग्रेस को इसके परिणाम विधानसभा चुनाव में भुगतने पड़ सकते है। कार्यकर्ता सम्मेलन में करीब 3 हजार कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने अपनी मौजूदगी से अपनी ताकत का एहसास करा दिया।

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला



पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने कहा कि मैंने कांग्रेस पार्टी के लिए 15 सालों से समर्पित होकर तन-मन-धन से काम किया। मैं आज केवल अपनी मेहनत का पार्टी से फल मांग रही हूं। 2010 से तीन बार जिला पंचायत क्षेत्र की जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया।

मुझे जनता से मिले आशीर्वाद को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुझे जिला पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष के लिए मनोनित किया। इसके बाद जो हालत बने, वह सभी जानते है, बावजूद इसके मुझ पर गद्दारी के आरोप लगे,जिस दर्द को भी हमने सहन किया और कांग्रेस के साथ कदम से कदम मिलाकर चले।

# ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को मिला एक और राष्ट्रीय पुरस्कार

**"छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)" लगातार तीसरी बार पुरस्कृत**

**बहुआयामी जागरूकता कार्यशाला के आयोजन और ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मिला पुरस्कार**

**ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष उपकरणों को बढ़ावा देने कुल 77 ग्रामों को मॉडल ऊर्जा दक्ष ग्रामों में किया गया विकसित**

**56 स्वास्थ्य केन्द्र मॉडल ऊर्जा दक्ष स्वास्थ्य केन्द्र एवं 376 शासकीय स्कूल मॉडल ऊर्जा दक्ष शासकीय स्कूल के रूप में विकसित**

**समाज जागरण ब्यूरो**

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। सोसाईटी ऑफ एनर्जी इजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स - सीम द्वारा 21 सितम्बर को आयोजित 8वें नेशनल एनर्जी मैनेजमेंट अवार्ड समारोह में यह सम्मान दिया गया। आलोक कटियार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा उक्त पुरस्कार को डॉ. अशोक कुमार, उप महानिदेशक, ऊर्जा दक्षता ब्यूरों, (बी.ई.ई.) भारत सरकार के उपस्थिति में प्राप्त किया गया। इस समारोह में क्रेडा की ओर से संजीव जैन, मुख्य अभियंता एवं राजीव ज्ञानी, अधीक्षण अभियंता भी उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस पुरस्कार के लिए क्रेडा की टीम और प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि लगातार 03 वर्षों (वर्ष 2020, 2021 एवं 2022 ) से क्रेडा को सीम द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य नामित एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 'छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)' द्वारा विगत 11 वर्षों में प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई है। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी, भारत सरकार की चाज परियोजना के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 44 औद्योगिक संस्थानों द्वारा प्रदेश में लगभग 2.198 मिलियन टन ऑफ ऑयल इक्वीवेलेंट (MTO) ऊर्जा की बचत कर लगभग 6.67 मिलियन टन का कार्बन उत्सर्जन कम किया गया है। इस परियोजना के तहत प्रदेश के उद्योगों को कुल दस लाख से भी अधिक एनर्जी सेविंग सर्टिफिकेट ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। व्यावसायिक भवन क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता अधिसूचित किया गया है तथा राज्य में कुल 15 भवनों को ग्रीन भवन के रूप में प्रमाणित किया गया है तथा 8 शासकीय भवनों को स्टार रेटिंग नामित करने हेतु प्रस्ताव केन्द्र शासन को अग्रेषित किया गया है। आवासीय भवनों में इको निवास सहिता (ECO NIWAS Samhita) अंतर्गत ऊर्जा दक्ष भवन निर्माण तकनीक अपनाने हेतु प्रदेश के आवासीय परियोजनाओं ऊर्जा दक्ष बनाने हेतु सतत कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में क्रेडा द्वारा 150 से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम इंजीनियर्स एवं आर्कीटेक्ट हेतु आयोजित किया गये है।

ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष उपकरणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल 77 ग्रामों को मॉडल ऊर्जा दक्ष ग्रामों में विकसित किया गया है। इसी तरह 56 स्वास्थ्य केन्द्रों को मॉडल ऊर्जा दक्ष स्वास्थ्य केन्द्र एवं 376 शासकीय स्कूलों को मॉडल ऊर्जा दक्ष शासकीय स्कूलों के रूप में विकसित किया गया है। स्कूली छात्र छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य सेक्रेडा द्वारा कुल 603 स्कूलों में ऊर्जा क्लब का गठन किया गया है तथा आगामी वर्ष में 1 हजार से भी अधिक शैक्षणिक संस्थानों में ऊर्जा क्लब गठन किये जाने का लक्ष्य है।

कृषि क्षेत्र में किसानों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में क्रेडा द्वारा बहुआयामी जागरूकता कार्यशाला आयोजित किये गये है। जिसके तहत ऊर्जा दक्ष पंप के उपयोग से होने वाले ऊर्जा एवं पैसे के बचत के विषय पर राज्य के समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों में किसानों को जागरूक किया गया है। प्रदेश के शासकीय कार्यालय एवं संस्थानों ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु क्रेडा द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे है जिससे विद्युत खपत में कमी लाई जा सकें।

# 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ, प्रदेश के 5 संभाग के खिलाड़ी ले रहे है हिस्सा

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई के इण्डोर स्टेडियम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट आतिथ्य के रूप में कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेंद्र



धीवर एवं विजय केशरवानी मौजूद थे। प्रतियोगिता 22 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चलेगी जिसमें पांच सम्भाग की टीम हिस्सा ले रही हैं। इसमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा सम्भाग के खिलाड़ी व प्रशिक्षक शामिल हैं। प्रतियोगिता में क्रिकेट, हॉकी, बेसबॉल, टेबल टेनिस एवं कबड्डी जैसे खेलों में बालक-बालिकाएं अपना हुनर दिखाएंगे।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के साथ शिक्षा बहुत जरूरी है आप जिस खेल में रुचि रखते हैं उसमें आप उत्कृष्ट प्रदर्शन तो कर ही रहे हैं साथ ही आप पढ़ाई भी मन लगाकर करें। विशिष्ट अतिथि राजेंद्र धीवर ने कहा कि खेल मानव जीवन के दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। विशिष्ट अतिथि विजय केशरवानी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते कहा कि बरसात के मौसम में थोड़ी बहुत असुविधा हो सकती है किंतु खिलाड़ी इन असुविधाओं को पारकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखता है। आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करें यही मेरी शुभकामनाएं है। कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत आदिवासी नृत्य ने अतिथियों सहित सभी का मन मोह लिया।

## जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव 2023-24 का दो दिवसीय आयोजन स. शि. मं. मस्तुरी में हुआ संपन्न

# शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और संस्कार भी सिखाया और बताया जाता है चंद्र प्रकाश सूर्या

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय मस्तूरी में जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव 2023-24 का विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में आयोजन हुआ विशेष रूप से मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश सूर्या जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा शामिल हुए विशिष्ट अतिथि संस्थान प्रतिनिधि हरिप्रसाद मैत्री, संस्थान पर्यवेक्षक मनोज केडिया, प्राचार्य कृष्ण कुमार शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव प्राचार्य रतनपुर, के अतिथि में उद्घाटन प्रारंभ हुआ इसी क्रम में सर्व प्रथम मां भारती ,ओम, एवं




मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की गई ,कार्यक्रम में 31 भैया 76 बहन कुल 107 प्रतिभागि शामिल हुए ,कार्यक्रम में अनेकों विभिन्न कार्यक्रम भी हुए जैसे रंगोली, चित्रकला, गीता पाठ, भारतीय गायन ,नृत्य ,एकल अभिनय ,प्रश्न मंच इत्यादि कार्यक्रम में सम्मिलित किए गए।जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सूर्या ने सभी भैया बहनों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आप सब सौभाग्यशाली है कि आप सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ रहे हैं जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और संस्कार भी सिखाया और बताया जाता है। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी दिनेश सराफ, राजेंद्र सोनी, सरोज राठौर ,विशाल मिश्रा एवं गणमान्य नागरिक एवं भैया, बहनों के पालक भी उपस्थित रहे।